हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 26 जून 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

# LAKHMI CHAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY

Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)

www.lcit.edu.in

APPROVED BY

INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL (Ministry of Education Initiative) | Virtual Labs — An MoE Govt of India Initiative | National Digital Library of India

17 GLORIOUS YEARS OF EXCELLENCE

*Choose The Best*

# CHOOSE LCIT




## B.Tech Online Counselling Schedule

| SL.No. | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|
| Phase - I | 23/06/25 to 27/06/25 | 02/07/25 | 03/07/25 to 06/07/25 |
| Phase - II | 08/07/25 to 11/07/25 | 16/07/25 | 17/07/25 to 20/07/25 |
| Phase - III | 22/07/25 to 25/07/25 | 30/07/25 | 31/07/25 to 03/08/25 |

### ENGINEERING

» **B.Tech.**
- Civil
- Electrical
- Mechanical
- Computer Science
- Electronics & Tele.

» **M.Tech.**
- Civil Engineering
- Computer Science

9685091333

### MBA

» **Dual Specialization**
- Systems
- Finance
- Marketing
- Human Resource
- Production & Operations

7803978102

## Best Placements in the Region

*From Campus to Corporate, your journey starts here.*

- 60% Overall Placement Rate
- 100% Student Satisfaction
- Highest Package: ₹12 LPA
- Average Package: ₹5.5 LPA
- 50+ Leading Companies Engaged
- MOUs with Key Industries Across C.G.
- Industry-Integrated Training
- AI-Labs & Training Modules

### • Top Salary Offers Received •

Aryan Agney — Computer Science Engineering — Dave AI — ₹12 LPA CTC

Pooja Bhadoriha — Civil Engineering — पावरग्रिड POWERGRID — ₹8.5 LPA CTC

Chandraprakash — Civil Engineering — JAYANT INFRATECH — ₹7.5 LPA CTC

Jaspreet Singh — MBA — airtel business — ₹6.8 LPA CTC

Shivam Nirmalkar — Computer Science Engineering — TCS Tata Consultancy Services — ₹6 LPA CTC

Shiva Dewangan — MBA — JNL — ₹6.5 LPA CTC

Kushagra Choudhary — Computer Science Engineering — TCS Tata Consultancy Services — ₹9.5 LPA CTC

Anjali Singh — MBA — Apollo Hospitals — ₹5.5 LPA CTC

Mikendra Kaushik — Electrical Engineering — JNL Jhajharia Nirman Limited — ₹5.3 LPA CTC

Riya Sharma — MBA — OctaTech — ₹3.5 LPA CTC

Aneesh Sharma — Computer Science Engineering — Resilience Soft — ₹6 LPA CTC

**High-Impact Internship Experience**

Gajendra Kumar — Civil Engineering — Internship

Sahil Kesharwani — Electrical Engineering — Collabera

Shwet Prakash — Computer Science Engineering — इसरो isro

## Trusted Partnerships with:

Adani Power & Cement | M Square | Mahavir Group | PHIL Group
Jayant Infra Ltd. | JNL (Jhajharia Nirman Limited) | Resilience Soft | Octatech

**Call for Admission** +91 96850 91333, +91 95222 20113

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने ड्रीम लैंड हायर सेकेंडरी स्कूल से प्रारंभ की यातायात की पाठशाला



**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यातायात पुलिस द्वारा आज ड्रीमलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल में यातायात के पाठशाला अभियान के तहत कक्षा 9 वी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातायात नियमों का समुचित पालन करते हुए ही सड़कों पर चलने समझाइश दी गई। वाहन पर परिवहन के दौरान वाहन चालक को भी यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में रोकने टोकने सभी छात्र-छात्राओं को समझाइस दी गई। यातायात विभाग के हाईवे पेट्रोलिंग टीम, बीट पेट्रोलिंग टीम, क्रेन पेट्रोलियम टीम, आइ टी एम एस टीम, क्यू आर टी टीम, पॉइंट ड्यूटी टीम, इंटरसेप्टर टीम एवं अन्य आकस्मिक टीम के संबंध में अवगत कराते हुए उनकी कार्य प्रणालियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में उमाशंकर पांडे ने संकेतकों का महत्व बताया गया। छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के पालन करने स्कूल प्रबंधन के साथ सामूहिक रूप से शपथ दिलाई गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे, सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक उमाशंकर पांडे, प्राचार्य निवेदिता सरकार, आरक्षक रोशन खेस आदि मौजूद थे।

### बृजेश सिंह रायल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक बने



**बिलासपुर।** रायल राजपूत संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा साहित्यकार डॉ बृजेश सिंह को संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक पद पर पदासीन किया गया है। इसके पूर्व डॉ बृजेश सिंह छत्तीसगढ़ प्रदेश संरक्षक के रूप में पदासीन रहे हैं। 30 वर्षों से अधिक समय तक डॉ सिंह महाराणा प्रताप जयंती समारोह समिति बिलासपुर के अध्यक्ष रहे। डॉ सिंह द्वारा रचित पांच दर्जन से अधिक ग्रंथों में एक दर्जन पुस्तक महाराणा प्रताप व राष्ट्रीय चेतना पर केन्द्रित है।

### युवा गाडगे सम्मेलन को लेकर रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ने ली बैठक



**बिलासपुर।** आगामी युवा गाडगे सम्मेलन को लेकर रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक ने समाज के युवाओं की बैठक ली। श्री रजक ने सम्मेलन को उत्सवपूर्व आयोजित करने पर सहमति जताई। इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने की बात कही। सभी युवाओं से अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बैठक में केएल निर्मलकर, मुन्ना निर्मलकर, मोनू रजक, प्रभात सोनछत्र, विद्यानंद निर्मलकर, दीपक निर्मलकर, विशाल निर्मलकर, राजकुमार निर्मलकर, रामदयाल निर्मलकर, कुलदीप रजक, ब्रजराज रजक, पीयूष कांत रजक, धनेश रजक, ऋषिराज रजक, आदित्य रजक, तुषार निर्मलकर, यमन रजक, वैभव रजक, अमित रजक, हर्ष रजक, विक्रांत निर्मलकर, अनिल निर्मलकर एवं योगेश रजक प्रमुख रूप से बैठक में मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने पंचायत सचिव पद के लिए सौंपा अनुकम्पा नियुक्ति पत्र



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कोटा विकासखंड के कपासिया कला निवासी युवराज सिंह बंजारे को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र सौंपा। जिला पंचायत बिलासपुर द्वारा उनके पिता के निधन उपरांत कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। कलेक्टर ने नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर अच्छे काम करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन डी, उप संचालक पंचायत शालिनी सिंह उपस्थित थीं।

### जेपी वर्मा कालेज में बन रहे अतिरिक्त क्लास रूम और प्रवेश द्वार



**बिलासपुर।** शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा जरहाभाठा कालेज में करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से नए क्लास रूम का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही कालेज का द्वार भी बनवाया जा रहा है। कालेज में पीजी कक्षाओं के लिए कमरे कम पड़ रहे थे और अध्यापन कार्य में असुविधा हो रही थी। इसके लिए पुराने जर्जर भवन को तोड़कर नया निर्माण कराया जा रहा है। शासकीय जेपी वर्मा जरहाभाठा कालेज में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए शासन से फंड स्वीकृत हुआ है। जरहाभाठा कालेज शहर का एक प्रमुख कालेज है, जहां शहर के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं, लेकिन कालेज में नए कोर्सेस चालू करने के लिए कमरों की कमी पड़ रही है। खासकर पीजी कक्षाओं के लिए क्लास रूम कम पड़ रहे हैं। इसलिए कालेज की ओर से शासन से अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए मांग की गई थी। लगभग 1 करोड़ 27 लाख राशि की लागत से कालेज के पीछे वाले हिस्से में 8 नए कक्ष का निर्माण कराया जा रहा है।

---

**अंडरब्रिज की हालत जर्जर** | कदम-कदम पर गड्ढे और धूल से परेशानी

# 30 करोड़ की लागत से बने दो अंडरब्रिज में मेंटनेंस का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



तारबाहर और चुचुहियापारा रेल क्रासिंग पर लोगों की सुविधा के लिए 30 करोड़ रुपए की लागत से अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया गया है, जहां मेंटनेंस के अभाव की वजह से दोनों अंडरब्रिज की हालत जर्जर हो चुकी है। यहां कदम-कदम पर गड्ढे और धूल के साथ साल के 12 माह पानी भरा रहता है, जिसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

तारबाहर और चुचुहियापारा के बीच बनी रेल क्रासिंग हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन पर है। यहां से प्रतिदिन 300 से अधिक मालगाड़ियों के अलावा 100 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, राजधानी, दूरंतो और पैसेंजर, लोकल मेमू ट्रेनों की आवाजाही होती है। इसके अलावा तारबाहर रेल क्रासिंग पर बने यार्ड से बिलासपुर आने वाली गाड़ियों को मेंटनेंस व सफाई के लिए कोचिंग डिपो की ओर रवाना किया जाता है। इसकी वजह से रेल क्रासिंग पर पूर्व में ट्रेनों के कारण बेरियर घंटो बंद रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लोग रेल क्रासिंग के घंटो बंद रहने के बावजूद बेरियर पार कर आना-जाना कर रहे थे, जिसके कारण तारबाहर रेल यार्ड पर वर्ष 2011 में लोकल ट्रेन से टकराकर कुछ लोग की मौत हो गई थी। वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। इन सभी को रेलवे बोर्ड से मुआवजा तो मिल गया, लेकिन आने-जाने की समस्या दूर नहीं हो सकी थी। दो साल बाद रेलवे और राज्य शासन ने तारबाहर और चुचुहियापारा रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज बनाने के लिए एमओयू साइन किया। रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2014-15 में तारबाहर रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज बनाने के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी। इस राशि का आबंटन होने के बाद तारबाहर पर अंडरब्रिज बनाया गया, लेकिन यह अंडरब्रिज सिरगिट्टी बाइपास रेल लाइन के पहले यानि शिव मंदिर तक ही बन सका।

#### जगह-जगह गड्ढे और कीचड़

30 करोड़ रुपए की लागत से चुचहियापारा और तारबाहर रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य कर दिया गया है। दोनों अंडरब्रिज को बनाने के बाद रेल प्रशासन इसके मेंटनेंस की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। चुचुहियापारा के अंडरब्रिज पर गड्ढों के साथ नाली का पानी और कीचड़ की समस्या है, तो तारबाहर रेल क्रासिंग पर बने अंडरब्रिज में कदम-कदम पर गड्ढे और धूल की वजह से लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। दोनों अंडरब्रिज की चौड़ाई इतनी कम है कि दो गाड़ियां भी निकल पाना मुश्किल हो जाती है। इसमें सबसे अधिक परेशानी स्कूल के बच्चे होते हैं।

#### दूर की जाएगी समस्या

तारबाहर और चुचुहियापारा रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज को लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया है। दोनों अंडरब्रिज हावड़ा-मुम्बई मार्ग और यार्ड में होने के कारण महत्वपूर्ण हैं। इसमें अगर समस्या है तो संबंधित विभाग से जानकारी ली जाएगी, ताकि रेलवे के मानक के हिसाब से इसमें सुधार करने के बाद समस्या दूर की जा सके।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया मीसाबंदियों का सम्मान

# मीसाबंदियों ने आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया : तोखन



दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते केंद्रीय राज्यमंत्री व अन्य अतिथि।



श्रीमती भाग्यश्री अशोक गोवर्धन को सम्मानित करते केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू।

**बिलासपुर।** केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मीसा बंदियों एवं लोकतंत्र सेनानियों को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान पाकर लोकतंत्र सेनानी अभिभूत हो गए। आपातकाल के काले अध्याय विषय पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी का भी केन्द्रीय मंत्री ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं जिला अध्यक्ष दीपक सिंह सहित लगभग 40 लोकतंत्र सेनानी उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान श्री साहू ने कहा कि मीसा बंदियों ने आपातकाल के कठिन समय में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

#### केन्द्रीय मंत्री ने किया छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ

केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री साहू ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर लगाई गई छाया चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इसमें आपातकाल कालखंड के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों, जनआंदोलनों, सेंसरशिप, और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों को दर्शाया गया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का एक काला अध्याय था, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान की रक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदैव सजग रहें। इस अवसर पर सभी ने छायाचित्र प्रदर्शनी में उस कालखंड की घटनाओं को देखा।

#### लोकतांत्रिक व्यवस्था को कांग्रेस ने किया कलंकित

भाजपा ने 1975 में कांग्रेस द्वारा तत्समय लागू किए गए आपातकाल को एक विभीषिका दिवस के रूप में मानते हुए एक सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों और सामाजिक लोगो को आमंत्रित कर इमरजेंसी काल की भयावता का बखान किया गया।

#### आपातकाल भारतीय लोकतंत्र में गहरा दाग

सेमिनार में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने बताया कि 25 जून 1975 को कांग्रेस पार्टी द्वारा देश की जनता पर थोपा गया आपातकाल भारत की लोकतंत्र में एक गहरा दाग है जिसे देश के लोग कभी भुला नहीं सकते। सिर्फ अपने सत्ता को संरक्षित करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संवैधानिक मूल्यों को ताक पर रख कर लोगो के मौलिक अधिकारों से वंछित करने का प्रयास किया। इसी तरह बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने बताया कि आज भी कांग्रेस वही आपातकाल वाली मानसिकता से ग्रस्थ है।

#### सत्ता का अधिकार सिर्फ परिवार को: सिंह

तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस के भीतर लोकतंत्र का अभाव है। कांग्रेस ने लोकतंत्र में राजतंत्र वंशवाद का मुखौटा छुपा रखा है। जहां एक परिवार से बाहर पार्टी या सत्ता के अधिकार को सौंपने के लिए कभी भी समझौता नहीं किया जाता।

#### लोकतंत्र सेनानियों का हुआ सम्मान

सेमिनार में मीसा बंदी दत्तात्रेय त्रिपुरवार ने सभा में इमरजेंसी के दौर के अपना संस्मरण को साझा किया । इस अवसर पर हरिशंकर दुबे, अर्जुन तीर्थनी, सुनील पुराणिक, दत्तात्रेय त्रिपुरवार, गोवर्धन गुलहरे, सीताराम कौशल, विजयधर दीवान, नीरज मुदलियार का भाजपा के नेताओं ने सत्कार किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सूर्यवंशी, हर्षिता पांडे, जिला की अध्यक्ष मोहित जायसवाल, दीपक सिंह, रामदेव कुमावत, अरुण सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

## सीयू के कुलपति प्रो. चक्रवाल बीएचयू की गवर्निंग बॉडी के सदस्य नामित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर्स एजुकेशन, बीएचयू की गवर्निंग बॉडी का सदस्य नामित किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा 25 जून को जारी पत्र के माध्यम से यूजीसी के अध्यक्ष द्वारा प्रो. चक्रवाल को सदस्य नामित किया गया है।

कुलपति प्रो. चक्रवाल ने सदस्य नामित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर के उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए वे पूरी तरह तैयार हैं। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के शिक्षण, प्रशिक्षण एवं तकनीकी उन्नयन के लिए विशेष प्रावधान हैं। इस केन्द्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में उल्लेखित विभिन्न सृजनात्मक बिंदुओं का शिक्षकों के प्रशिक्षण में समायोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चेयरमैन ही इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर्स एजुकेशन, बीएचयू के अध्यक्ष होते हैं। यह अंतर विश्वविद्यालय केन्द्र का लक्ष्य नवीन ज्ञान सृजन द्वारा शिक्षकों के ज्ञान के आयाम का विकास करने के साथ ही व्यावसायिक ज्ञान का विकास करना है। यह केन्द्र विकसित एवं विकासशील देशों में संपादित हो रही नीतियों तथा क्रियान्वयन पद्धतियों का सूचना कोष भी तैयार करता है। कुलपति प्रो. चक्रवाल का सदस्य के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल होगा।

## एजुकेशन प्लस

### चौकसे कालेज मेगा प्लेसमेंट कार्निवल में एक ही दिन में 20 कंपनियां लेंगी साक्षात्कार कल



**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस द्वारा 27 जून को मेगा प्लेसमेंट कार्निवल 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट ड्राइव विशेष रूप से चौकसे ग्रुप के छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें 20 नामी कंपनियां भाग ले रही हैं, जो कोर इंजीनियरिंग, बिजनेस डेवलपमेंट, मार्केटिंग और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विभिन्न क्षेत्रें से हैं।

कंपनियाँ अधिकतम 12.00 लाख प्रति वर्ष तक का पैकेज आफर कर रही हैं। यह आयोजन चौकसे ग्रुप के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह छात्रों के प्रति संस्थान की मजबूत प्रतिबद्धता और रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने का प्रमाण है। हमारे छात्र, हमारी प्राथमिकता के मूलमंत्र के साथ चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस लगातार छात्रों और उद्योग के बीच सेतु का कार्य कर रहा है। इस अवसर पर चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस के प्रबंध निदेशक डा. आशीष जायसवाल ने कहा कि यह भर्ती अभियान इस बात का प्रमाण है कि उद्योग हमारे छात्रों और हमारे शैक्षणिक गुणवत्ता पर पूरा विश्वास रखते हैं। विनोद सिंह खरसन ने कहा कि चौकसे ग्रुप आफ कालेजेस बिलासपुर लगातार राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का केंद्र बनता जा रहा है।

## रतनपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी, उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को किया पुरस्कृत



**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह ने 25 जून को थाना रतनपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा एवं डीएसपी भारती मरकाम उपस्थित थे। श्री सिंह ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उच्च कोटि का वेषभूषा धारण करने वाले आरक्षक व प्रधान आरक्षकों को ईनाम दिया गया । थाने के मर्ग डायरी, मर्ग रजिस्टर, गुण्डा बदमाश रजिस्टर का अवलोकन कर निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए। सभी अधिकारी. कर्मचारियों को ई.साक्ष्य, ई.समन, आई ओ मितान, नेटग्रीड के संबंध में जानकारी दी। टेक्नीकल रूप से सक्षम होने के लिए इन एप्लीकेशन का उपयोग करने कहा। तत्काल हर अधिकारी.कर्मचारी विवेचकों को उक्त एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के निर्देश दिए। कर्मचारियों से इसका प्रैक्टिकल भी कराया गया। बीट प्रणाली को बेसिक रूप से लागू करने के लिए बीट प्रभारी आरक्षकों को बीट के संबंध में पूछताछ कर नोट बुक, बी. नोट बुक को चेक किया। अच्छे कार्य करने वाले आरक्षकों को प्रोत्साहित कर पुरस्कृत किया गया । ग्रामीणों ने ग्राम में लगातार पेट्रोलिंग एवं शराब में कार्रवाई करने की मांग किए। इस अवसर पर बीट प्रभारी पवन सिंह, बीट प्रभारी आरक्षक सुदर्शन मरकाम आदि मौजूद थे।

## टीबी के मरीजों के लिए नवीन बीपाल्म रेजिम सिम्स में प्रारंभ, 4 दवाओं से होगा इलाज



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सिम्स बिलासपुर के रेस्पीरेटरी मेडिसीन विभाग के नोडल डीआरटीबी वार्ड में भर्ती मरीज को 25 जून को अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति एवं संयुक्त संचालक सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह द्वारा नवीन बीपाल्म रेजिम देकर संभागीय स्तर पर इसका शुभारंभ किया गया । आज से पूर्व दवा प्रतिरोधी टीबी मरीजों के लिए न्यूनतम 9 माह से लेकर 18 माह तक के लिए दवाओं की आवश्यकता एवं व्यवस्था थी, जिसमें मरीजों को कुल 5 से 7 प्रकार की दवाएं प्रतिदिन 9 माह से 18 माह तक लेनी होती थी, परन्तु आज दिनांक से ऐसे मरीजों का ईलाज 6 माह के अंदर एवं 4 प्रकार के नवीन टीबी दवाओं से इलाज किया जा सकेगा। दवाओं की कुल लागत 1 लाख रुपए लगभग है। बिलासपुर संभाग के रेस्पीरेटरी मेडिसीन विभाग, सिम्स चिकित्सालय में उपलब्ध है । इस अवसर पर डॉ. प्रतीक कुमार, डॉ. मधुमिता मूर्ति , डॉ. बी.आर. बेन, डॉ. अमित श्रीवास्तव, डॉ. कमल बासन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अनिल कुमार डनसेना, डॉ. आकांक्षा गुप्ता, डॉ. अखिलेश, डॉ. योगेश, डॉ. विद्या, रामफल यादव, सौरभ यादव, कविता सिंह, सुश्री स्वाती श्रीवास, ऋषि कश्यप आदि का सहयोग रहा ।

### स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांगों को आप ने दिया समर्थन

**बिलासपुर।** कोन्हेर गार्डन में आम आदमी पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांगों का समर्थन करते हुए उनके साथ एकजुटता दिखाई। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश संगठन महामंत्री सरदार जसबीर सिंह चावला, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला एवं लोकसभा सचिव राकेश लूनिया ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात की और आम आदमी पार्टी की ओर से उनकी मांगों को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। उन्होंने कहा कि पार्टी सरकार में नहीं है, इसलिए मांगों को पूरा करने की स्थिति में नहीं है, परंतु यदि आप को सरकार चलाने का अवसर मिलता है, तो इन मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी। श्री चावला और प्रियंका शुक्ला ने उपस्थित कर्मचारियों से आगामी चुनावों में पार्टी को एक मौका देने की अपील की।

# सहकारिता वर्ष 2025 पैक्स समितियों के लिए एनसीडीसी व सीएससी का कार्यशाला

■ पैक्स समितियों को इन सेवाओं से लार्भाजन करने जानकारी दी गई

**बिलासपुर।** जिले में अवसंरचना निर्माण के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की फण्डिंग पैटर्न जागरूकता एवं नागरिक सेवाओं की ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ पहुंच हेतु पैक्स में कॉमन सर्विस सेंटर की भूमिका पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें समस्त पैक्स सहकारी समितियों को सहकार सें समृद्धि योजना के तहत सहकारी समितियों के सुदृढ़किरण तथा विभिन्न सेवा आम नागरिको को प्रदाय करने सहकारी समितियों की भूमिका पर चर्चा की गई।

वर्ष 2025 को संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है, जिसमें सहकारिता के क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। वर्ष 2021 में केन्द्र में नवीन सहकारिता मंत्रालय बनाए जाने के उपरांत केन्द्रीय सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह द्वारा सहकारी क्षेत्र के सुदृढ़किरण करने सहकार से समृद्धि योजना प्रारंभ किया गया है। इसके तहत पैक्स को बहुआयामी बनाते हुए 54 प्रकार की सेवाएं जोड़ा गया है जो पहले केवल ऋण वितरण का कार्य करते थे। पैक्स समिति में ही नकद भुगतान की सुविधा प्रदाय की जा रही है। पैक्स समितियो को सीएससी का अधिकाधिक प्रयोग कर नागरिको को आधार कार्ड, पेन कार्ड, टिकट बुकिंग, बिजली बिल भुगतान, बीमा प्रीमीयम भुगतान, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र आदि प्रदाय करने तथा पैक्स समितियों को इन सेवाओं से लार्भाजन करने जानकारी दी गई। जिले के उप आयुक्त सहकारिता चन्द्रशेखर जायसवाल ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के तहत सहकारी समितियों की सुदृढ़किरण तथा आम नागरिको को पैक्स समितियों के माध्यम से अधिक से अधिक सेवा प्रदाय करने कार्यशाला आयोजित की गई है। कार्यशाला में उप आयुक्त सहकारिता चन्द्रशेखर जायसवाल, सहायक आयुक्त सहकारिता शोभा महेन्द्र बंदे, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के क्षेत्रीय निदेशालय से सहायक निदेशक वैभव कुमार, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील सोढ़ी एवं नोडल अधिकारी आशीष दुबे आदि मौजूद थे।

### कलेक्टर ने की बीज एवं उर्वरक का किसानों से शीघ्र उठाने की अपील

**बिलासपुर।** मानसून आने के साथ ही लगातार मध्यम वर्षा जिले के सभी क्षेत्रों में हो रही है। इस वर्ष खरीफ 2025 में मौसम विभाग द्वारा अच्छी बारिश होने की संभावना जताई गई है। वर्तमान समय में जिले के सभी किसान भाई खेती किसानी के कार्यों में व्यस्त है एवं खेती के लिए आवश्यक संसाधन जैसे उर्वरक एवं बीज की व्यवस्था में लगे हुए हैं। उप संचालक कृषि ने बताया है कि वर्तमान में जिले के 114 सहकारी समितियों में 19736.62 क्वि. भंडारण किया जा चुका है तथा जिले के किसान 17575 क्वि. बीज का उठाव कर चुका है। उन्होंने किसानों को नकली प्रमाणित बीज से सावधान रहने, सेवा सहकारी समितियों एवं लाईसेन्सधारी कृषि केन्द्रों से ही विश्वस्त प्रमाणित बीजों एव खाद का उठाव करने तथा धान किस्म स्वर्णा के स्थान पर अधिक उपज देने वाली समान अवधि वाली धान किस्म एम.टी.यू. 1318 एवं सी.जी. सोनागाठी म्यूटेन्ट की बोवाई करने कहा है।

## लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ में जिला इकाई का गठन



**बिलासपुर।** लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ में जिले की ईकाई का गठन 24 जून को सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव, अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष समीर मूंदड़ा, प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंघानिया, महामंत्री सीपी दुबे, कोषाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, सह सचिव कैलाश चंद्रवंशी की उपस्थिति में कुल 33 सदस्यों के साथ किया गया। जिसमें बिलासपुर इकाई के गठन के साथ ईकाई का दायत्वि अध्यक्ष जितेंद्र कमाविसदार, सचिव निखिल जीवनानी, कोषाध्यक्ष उमंग दुआ, कार्यकारिणी सदस्य रोहन मिश्रा, गौतम अग्रवाल, विकास भानुशाली, मुकेश लालचंदानी आदि मौजूद थे।

तापमान
अधिकतम 32.1 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 26 जून 2025


गर्मी की छुट्टियां समाप्त होने के बाद ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है।



## खबर संक्षेप

### व्यापारी के दुकान, गोदाम में जीएसटी का छापा

**बिलासपुर।** शहर के सबसे बड़े जूता चप्पल व्यापारी के तेलीपारा स्थित दुकान और गोदाम में केंद्रीय जीएसटी के टीम ने छापा मारा है।



इस टीम में स्टेट जीएसटी के कुछ अधिकारी के भी शामिल होने की बात कही जा रही है। बुधवार शाम को मारे गए इस छापे की कार्रवाई देर रात तक चलती रही। इस दौरान दस्तावेजों की जांच के साथ ही ऑडिट रिपोर्ट की पूरी पड़ताल की गई। जानकारी के मुताबिक इस व्यापारी द्वारा जमा किए गए टैक्स में गड़बड़ी की बात सामने आ रही है। केंद्रीय जीएसटी की टीम ने पहले इस व्यापारी को नोटिस जारी किया था, जिसका जवाब सही नहीं पाया गया था। ऑनलाइन रिकॉर्ड में भी गड़बड़ी की बात सामने आ रही है। खास बात है कि नागपुर से पहुंची इस केंद्रीय जीएसटी की टीम के छापे की खबर स्थानीय अधिकारियों को देर शाम तक नहीं थी।

### अग्निशमन विभाग में होगी भर्ती, आवेदन 1 से



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग के 295 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट के माध्यम से 1 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जा सकता है। इनमें स्टेशन ऑफिसर (उप निरीक्षक), वाहन चालक, वाहन चालक कम ऑपरेटर, फायर मेन, स्टोर कीपर, मैकेनिक, वाचरूम ऑपरेटर एवं वायरलेस ऑपरेटर के पदों पर भर्ती की जाएगी।

### ई-ऑफिस के संबंध में कार्यशाला आयोजित

**बिलासपुर।** राज्य सरकार द्वारा सुशासन एवं डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में नवाचार करते हुए ई-ऑफिस के द्वारा राज्य के सभी विभागों में ऑनलाइन कार्य करने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी के तहत जिले में ई-ऑफिस का प्रशिक्षण जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभा कक्ष में आयोजित किया गया। ई-ऑफिस के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ई-ऑफिस पी.एम.यू. रायपुर से सोनम वर्मा एवं अंकिता साहू ने प्रशिक्षण दिया। जिले के समस्त विभागों से लगभग 300 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य-संचालन का प्रशिक्षण दिया गया।

### दाधापारा-बिलासपुर के बीच ब्लाक, ट्रेनें प्रभावित होंगी



**बिलासपुर।** दपूमरे रायपुर मंडल के सिलयारी से मांढर सेक्शन में रेलवे ब्रिज पर स्लैब रिप्लेसमेंट एवं दाधापारा से बिलासपुर सेंक्शन के बीच गर्डर लांचिंग कार्य हेतु ट्रैफिक सह पावर ब्लाक के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस अधोसंरचना के कार्य में बरौनी और सारनाथ एक्सप्रेस रायपुर, उसलापुर, शहडोल व कटनी तक रद्द रहेगी। अधोसंरचना विकास व संरक्षा संबंधी कार्य को शीघ्र करने का प्रयास किया जा रहा है। अधोसंरचना विकास व गाड़ियों के संरक्षित परिचालन हेतु रेलवे रायपुर मंडल के सिलयारी से मांढर सेक्शन में रेलवे ब्रिज 403 पर स्लैब रिप्लेसमेंट व दाधापारा-बिलासपुर सेक्शन के मध्य गर्डर लांचिंग कार्य हेतु ट्रैफिक सह पावर ब्लॉक लिया जाएगा।

# उद्योग लगाने 500 से अधिक आवेदन, 7 सालों से 100 एकड़ जमीन की मांग, सेक्टर-डी में भी 82 एकड़ जमीन का आबंटन अटका पड़ा

- होलसेल कारिडोर के लिए जमीन चिन्हांकन भी सुस्त गति से
- रीपा के तहत भी कारोबार के लिए नहीं मिल रही छोटी जगह

विकास चौबे ⏭ बिलासपुर

जिले में पिछले 5 सालों से उद्योगों की गति पर विराम सा लग गया है। नए उद्यमी जमीन के लिए भटक रहे हैं तो कुछ पुराने उद्योगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। चेंबर आफ कामर्स ने इस बारे में कलेक्टर से लेकर कमिश्नर और मंत्रियों तक से गुहार लगा ली है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। हाल यह है कि छोटे उद्योगों के लिए भी 100 एकड़ जमीन की मांग ठंडे बस्ते में डाल दी गई है तो तिफरा सेक्टर डी में 7 साल पहले 82 एकड़ जमीन तो मिली, लेकिन विवादों के कारण उद्योगों को इसका आबंटन अभी तक नहीं हो सका है। सबसे बड़ी बात कि रायपुर और दुर्ग में 2-2 होलसेल कारिडोर बन रहे हैं, लेकिन बिलासपुर में इसकी प्रक्रिया तक शुरू नहीं हो सकी है।

ज्ञात हो कि सेक्टर-डी डेवलप करने का प्रोजेक्ट वर्ष 2000-01 में शुरू हुआ। 82 एकड़ जमीन पर 100 के करीब उद्योग स्थापित करने की योजना थी। प्लाट बांटने के लिए सीएसआईडीसी ने आवेदन भी मंगाए। अभी तक इस योजना में 8 करोड़ खर्च हो चुके हैं। 500 से अधिक लोगों के आवेदन उद्योग लगाने के लिए भी पेंडिंग हैं, लेकिन आबंटन नहीं हो पा रहा है। दरअसल सारी कोशिशों के बाद भी करीब 300 मीटर जमीन का विवाद नहीं सुलझाया जा सका। ध्यान रहे कि नेशनल हाइवे से सेक्टर डी को जोड़ने वाली सड़क के मुहाने पर निजी जमीन है। सीएसआईडीसी का कहना है कि मास्टर प्लान में यह जमीन सड़क के तौर पर दर्ज है, जबकि जमीन मालिक का दावा है कि यह उनकी निजी जमीन है। इसी विवाद के कारण पूरा मामला अटका है।



### छोटे उद्योगों के लिए चाहिए 100 एकड़ जमीन

इसके साथ ही छोटे उद्योगों को स्थापित करने को लेकर भी जिले में उदासीनता है। चेंबर आफ कामर्स ने इसके लिए शहर से बाहर 10 किमी के क्षेत्र में 100 एकड़ जमीन की मांग की है। कई बार पत्र लिखे गए लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। दरअसल योजना के तहत जमीनों का आवंटन 30 वर्षों के लिए होगा। रजिस्ट्री के एक वर्ष के भीतर आवेदक को इकाई स्थापना का कार्य पूरा करना होगा। रीपा में स्थापित होने वाली यूनिटों के लिए औद्योगिक नीति के अनुरूप आर्थिक निवेश प्रोत्साहन के लिए स्टांप ड्यूटी में छूट, ब्याज अनुदान, स्थायी पूंजी निवेश अनुदान आदि के प्रावधान लागू होंगे।

### रायपुर-दुर्ग में 1100 एकड़ जमीन, बिलासपुर में शून्य

ज्ञात हो कि होलसेल कारिडोर योजना के तहत रायपुर के डुमरतराई में 70 दुकानों को एक साथ व्यवस्थित किया गया है। इसके साथ ही नवा रायपुर के सेक्टर 35 के आसपास करीब 750 एकड़ में साउथ एशिया का सबसे बड़ा होलसेल कॉरिडोर मार्केट बनाया जा रहा है। वहां जमीनों के लैंड यूज बदलने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। सरकार का दावा है कि जल्द ही नया बाजार तैयार कर लिया जाएगा। यहां 85 व्यापारी संगठनों की 7866 से ज्यादा दुकानें शिफ्ट होंगी। इसके साथ ही दुर्ग में भी करीब 300 एकड़ जमीन पर होलसेल कारिडोर बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। बिलासपुर में लेकिन इसकी गतिविधियां शून्य हैं।

### थोक और चिल्हर का कारोबार अलग-अलग

चेंबर आफ कामर्स ने इस बारे में कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात की और सेक्टर डी की 82 एकड़ जमीन को होलसेल कारिडोर के लिए विकसित करने की मांग की है। देखा जाए तो बिलासपुर में अभी थोक और चिल्हर का कारोबार अलग-अलग इलाकों में हो रहा है। गोलबाजार, बुधवारी, तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स, सदर बाजार और दूसरी जगहों पर सुबह से रात तक गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। संकरी सड़कों पर गाड़ियां लोड-अनलोड होती रहती हैं। इस वजह से इन सभी सड़कों पर ट्रैफिक जाम रहता है। इसका असर शहर के बाकी सड़कों पर होता है। ऐसे में इन सभी व्यापारिक संगठनों की दुकानें नई जगहों पर होलसेल कारिडोर में शिफ्ट होंगी तो शहर की बड़ी आबादी को ट्रैफिक समेत कई समस्याओं से राहत मिलेगी। इस लिहाज से ही नई जगह की मांग हो रही है।

### जमीन का हो रहा चिन्हांकन

सेक्टर डी के जमीन विवाद के संबंध में उद्योग विभाग से जानकारी ली जा रही है। इसका निराकरण जल्द कर लिया जाएगा। होलसेल कारिडोर के लिए भी चेंबर आफ कामर्स की ओर से जमीन की मांग आई है। जमीन के चिन्हांकन की प्रक्रिया जारी है। जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

- **संजय अग्रवाल**, कलेक्टर, बिलासपुर

### छोटे उद्यमी भटक रहे

उद्योगों को जमीन नहीं मिली तो नया बाजार कैसे आकार लेगा। छोटे उद्यमी और नए कारोबार के इच्छुक व्यापारियों को भटकना पड़ रहा है। रायपुर और दूसरी जगहों पर तेजी से काम हो रहा है। बिलासपुर में भी इसकी जरूरत है। 500 से अधिक आवेदन उद्योग लगाने के लिए पेंडिंग है। इस पर ध्यान देना होगा। कलेक्टर से मुलाकात कर सेक्टर डी के जमीन विवाद को सुलझाने की मांग की गई है।

- **संजय मित्तल**, पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री

### युक्तियुक्तकरण सहित किसानों की खाद संबंधी समस्याओं पर मचा हंगामा

# कांग्रेस नेता बैलगाड़ी और ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे कलेक्टोरेट, डीईओ कार्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को कलेक्टोरेट व जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया। कांग्रेस नेता बैलगाड़ी और ट्रैक्टर में सवार होकर कार्यकर्ताओं की भीड़ लेकर नारेबाजी करते हुए घेराव करने पहुंचे थे। कांग्रेस द्वारा यह घेराव आंदोलन शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण एवं किसानों की खाद की समस्या मुद्दे को लेकर किया गया।

कांग्रेसजन पहले कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए और वहां से रैली के रूप में कलेक्टोरेट की ओर कूच किए। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने हाथों में झंडा लहराते हुए जमकर नारेबाजी की। इस रैली में कांग्रेस नेता बैलगाड़ी और ट्रैक्टर में सवार होकर घेराव करने पहुंचे थे। कांग्रेसजनों की भीड़ पहुंचते ही कलेक्टोरेट मेनगेट को बंद कर दिया गया और सामने पुलिस वाले तैनात रहे। कलेक्टोरेट के सामने जमकर नारेबाजी, हल्ला मचाने के बाद कांग्रेस नेता, कार्यकर्ताओं की भीड़ जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय का घेराव करने पुराने कंपोजिट बिल्डिंग का रूख किया, लेकिन वहां पर भी शिक्षा विभाग वाले गेट को बंद कर वहां पर पुलिस बल तैनात हो गई थी, इसलिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ नीचे परिसर पर ही नारेबाजी प्रदर्शन करने लगी। करीब घंटेभर तक यह घेराव और प्रदर्शन चला, उसके बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस घेराव प्रदर्शन में जिलेभर से कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं की भीड़ पहुंची थी।


बैलगाड़ी पर सवार होकर कलेक्टोरेट जाते जिला कांग्रेस के पदाधिकारी।

### घेराव में विधायक, पदाधिकारी रहे शामिल

आज के इस घेराव में जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, विधायक दिलीप लहरिया, विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व सांसद इंग्रिड मैक्लाउड, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, प्रमोद नायक, आशीष सिंह, पूर्व महापौर रामशरण यादव, शेख नजरूद्दीन, राजेन्द्र साहू, समीर अहमद, आत्मजीत मक्कड़, जितेन्द्र पांडेय, सुधांशु मिश्रा, स्वप्निल शुक्ला, ऋषि पांडेय, जगदीश कौशिक, लक्ष्मी साहू, आदित्य दीक्षित, झगरराम सूर्यवंशी, गीतांजलि कौशिक, जावेद मेमन, विनोद साहू, बिहारी देवांगन, यासिन खान, अभ्युदय तिवारी, गौरीशंकर, शिल्पी तिवारी, सीमा घृतेश, पिंकी बत्रा, स्वर्णा शुक्ला, शिवेन्द्र कौशिक, अनिता शुक्ला, सतकली बावेर, शिवबालक कौशिक, भरत कश्यप, रामा बघेल, मनहरण कौशिक, एनएसयूआई के लक्की मिश्रा, रणजीति सिंह आदि शामिल रहे।

### अध्यक्ष द्वय ने सरकार को जमकर कोसा

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि भाजपा की केन्द्र की सरकार हो या विष्णुदेव की सरकार हो किसान विरोधी है। विष्णुदेव सरकार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने की बात करती है पर आज किसान के पास न तो उन्नत बीज है और न ही पर्याप्त खाद है। सरकार खाद की कीमत 40 प्रतिशत तक बढ़ा चुकी है। इसके बाद भी किसान बाजार से और महंगी कीमतों खाद-बीज खरीदने के लिए मजबूर है। आज खेती में लागत मूल्य कई गुना बढ़ गया है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में स्कूलों को बंद किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने हजारों स्कूल बंद कर बच्चों की शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन कर रही है। इससे बेरोजगारी बढ़ेगी और छत्तीसगढ़ सरकार स्कूलों को बंद कर शराब दुकान खोलने में दिलचस्पी रखती है। उन्होंने कहा कि जहां दर्ज संख्या कम है उसे बढ़ाया जा सकता है। शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्थानीय युवाओं को अध्यापन के लिए रखा जा सकता है, किन्तु सरकार की इच्छाशक्ति कमजोर है।


डीईओ कार्यालय के बाहर धरना देते पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय व अन्य कांग्रेसी।


कलेक्टोरेट रोड पर हुआ ट्रैफिक जाम।



# पूरे दिन बदली व बूंदाबांदी शाम को झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पूरे दिन बदली और बूंदाबांदी के बाद बुधवार को शहर में शाम होते ही जमकर बारिश हुई। करीब एक घंटे की तेज बारिश से ही शहर तरबतर हो गया। बारिश ऐसी कि सड़क पर आवागमन कर रहे लोगों को भीगने के डर से मुख्य मार्गों पर दुकानों में शरण लेनी पड़ी। देर रात तक शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बारिश होती रही।

बारिश का बीते लंबे समय से इंतजार कर रहे शहरवासियों का इंतजार बुधवार को समाप्त हो गया। आसमान में काले बादल तो सुबह से ही छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। इस दौरान शहर के अलग-अलग हिस्सों में कभी-कभी बूंदाबांदी हो रही थी। शाम साढ़े पांच बजे तक बारिश की यही हालत थी। इधर साढ़े पांच बजे के बाद बूंदाबांदी हल्की बारिश में तब्दील हुई व देखते ही देखते छह बजते ही बादलों की गर्जना के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। शाम छह बजे से शुरू हुई मूसलाधार बारिश करीब सवा सात बजे तक होती रही। बारिश के कारण शहर के अनेक हिस्सों में जलभराव हो गया था। सड़कों पर पानी भर गया व लबालब होने के बाद नालियों से उल्टे सड़क पर पानी आने लगा था। शहर में बुधवार को अधिकतम तापमान 32.1 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया।



- शाम छह बजे के बाद शहर में एक घंटे हुई तेज बारिश

### 76 सौ हेक्टेयर में धान की बोनी पूरी

जिले में बीते दिनों हुई बारिश के बाद बारिश नहीं होने से किसानों को छिड़काव पद्धति से धान की बोनी करने का मौका मिल गया था। यही कारण है कि जिले में बोनी का प्रतिशत 76 सौ हेक्टेयर पहुंच चुका है। जिले में धान बोनी की शुरूआत जून के अंतिम सप्ताह से ही प्रारंभ होती है, लेकिन छिड़काव पद्धति के लिए उपयुक्त बारिश होने के कारण शुरूआती दौर में ही बोनी की स्थिति अच्छी है। जिले में वर्तमान में की गई कुल बोनी में से शत प्रतिशत बोनी छिड़काव पद्धति से ही की गई है। रोपा पद्धति से बोनी के लिए अब तक पर्याप्त बारिश नहीं हो पाने के कारण रोपा पद्धति से बोनी का एक प्रतिशत भी पूर्ण नहीं हो सका है। कृषि विभाग के अनुसार इस साल छिड़काव पद्धति से बोनी का प्रतिशत अधिक होने की संभावना दिखाई पड़ रही है।

### नए स्थान की तलाश शुरू, सर्व सुविधायुक्त होगा नया भवन

# नई जगह पर ढाई करोड़ में बनेगा नया रजिस्ट्री कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रजिस्ट्री विभाग की नई बिल्डिंग ढाई करोड़ रूपए की लागत से तैयार की जाएगी, लेकिन इसका स्थान परिवर्तित हो जाएगा। विभाग द्वारा भवन के लिए नई जगह की तलाश शुरू कर दी गई है। नया भवन सारी सुविधाओं से लैस होगा, ताकि जमीन का पंजीयन करने पहुंचे आमजनों को कार्यालय में किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

रजिस्ट्री विभाग को जल्द ही अपना नया भवन मिल सकेगा, लेकिन नया भवन शहर में न होकर शहर के आसपास स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। शासन द्वारा नए भवन के प्रस्ताव को इस साल के बजट में स्वीकृति दी गई है। इसके अनुसार भवन के लिए 80 लाख रूपए के तीन प्रस्ताव स्वीकृत किए गए हैं। भवन की कुल लागत करीब 2.40 करोड़ रूपए होगी।

नया भवन पूरी तरह हाईटेक व आमजनों की सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण होगा। विभाग के अनुसार रजिस्ट्री के सिलसिले में अन्य शहरों से यहां आने वालों को अपनी बारी का इंतजार करते रजिस्ट्री कार्यालय में परेशान होना पड़ता है। इसे ध्यान में रखते हुए नए भवन में सर्वसुविधायुक्त वेटिंग हॉल बनाया जाएगा, जिसमें लक्जरियस का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। इसी तरह सूचना प्रदर्शन के लिए डिस्प्ले बोर्ड, वॉशरूम एवं सुरक्षित पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। भवन के लिए जमीन देखने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। कुछ स्थानों पर जमीन देखी भी गई है, जिसके बाद अब उन जमीनों का खसरा जांच कराया जा रहा है। जांच के उपरांत देखी गई जमीनों में ही किसी एक को फाईनल कर भवन का निर्माण प्रारंभ कराया जाएगा।




### यहां देखी गई जमीन

रजिस्ट्री कार्यालय के नए भवन के लिए जगह की तलाश शुरू की जा चुकी है। इसके अंतर्गत कोनी, रमतला, चिल्हाटी व लगरा में जमीन देखी गई है। हालांकि इनमें से नए भवन के लिए किस स्थान का चयन किया गया है यह फाईनल नहीं है। यह भी संभव है कि विभाग अभी अन्य जगहों को भी विकल्प के रूप में रख सकता है। रजिस्ट्री विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नए भवन के लिए लगभग आधा एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है।

### ढूंढी जा रही है जमीन

नए भवन के लिए जमीन की तलाश प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत कोनी, रमतला, चिल्हाटी व लगरा में जमीन देखी गई है। हालांकि इनमें से किसी स्थान को अभी फाईनल नहीं किया गया है। फिलहाल यह अभी प्रक्रिया में है।

- **आरके स्वर्णकार**, जिला पंजीयक

# राज्य सरकार, एसईसीएल एनटीपीसी को हिदायत

**बिलासपुर।** शहर और आसपास बिना कोयला परिवहन करने वाले वाहन बिना तिरपाल ढके फर्राटे भर रहे हैं। इसके चलते सड़क में कोयला के छोटे-छोटे कण गिर रहे हैं और धूल बनकर उड़ने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार, एसईसीएल और एनटीपीसी को हिदायत दी है। इसमें कहा गया है कि यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का पालन हो और लोगों को परेशानी ना हो।

- यह सुनिश्चित करना होगा कि नियमों का पालन हो और लोगों को परेशानी ना हो

जिले में लगभग हर जगह खास तौर पर रतनपुर, सेंदरी, हिर्री से लेकर चकरभाठा और मस्तूरी क्षेत्र में कोयला परिवहन करने वाले वाहन नियम कानून को दरकिनार कर सड़क में बेखौफ दौड़ते हैं। वाहनों में कोयला को बिना तिरपाल ढके परिवहन किया जाता है। वहीं इन वाहनों में ट्राली से ऊपर कोयला को लोड कर बिना तिरपाल ढके सड़क में फर्राटे भरते हैं। लिहाजा सड़क में कोयला का चूरा गिरता है। धूल से लोगों के स्वास्थ्य में बुरा असर पड़ रहा है।

इसके अलावा इन वाहनो में बहुत से वाहन पुराने व अनफीट होने के बाद भी दौड़ रहे हैं। कई वाहनों में ब्रेक लाइट व ट्राली में रेडियम नहीं लगे होने के कारण रात में कई बाइक सवार दुर्घटना के शिकार हो गए हैं। इसकी सुनवाई हाईकोर्ट में चल रही है।

## खबर संक्षेप

### 27 को निकाली जाएगी रथयात्रा तोखन एवं साव शामिल होंगे



लोरमी। प्रसिद्ध देव स्थल शिवघाट से 27 जून को रथयात्रा नगर भ्रमण करने निकलेगी। विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को विराजित कर रथ यात्रा निकाली जाएगी। मान्यतानुसार भगवान इस दिन मौसी के घर जाते हैं, वहां तीनों भाई-बहन सात दिनों तक रहते हैं। रथ यात्रा गौरकापा के महंत विवेक गिरी महाराज के सानिध्य में निकाली जाएगी जिसमें केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव सहित जनप्रतिनिधि, समाजिक कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंगे। रथयात्रा कोब्राम्हणपारा, राजाबाड़ा, फौव्वारा चैक, मुगेंली रोड, नौलखा चैक, रानीगांव, तहसील चौक होते हुए पूरे नगर भ्रमण कराया जाता है। आयोजन को लेकर पवन अग्रवाल, गुरमीत सलुजा, भागवत केशरवानी, अशोक जायसवाल, मुकेश सापरिया, लल्ला ठाकुर सहित अन्य जुटे हैं।

### नवोदय विद्यालय दाबो में कक्षा 6वीं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

मुंगेली। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। पात्र छात्र-छात्राएं 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि जिले के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र, जिनका जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य हुआ हो तथा मुंगेली जिले का प्रमाणिक निवासी हो, वे इस परीक्षा के लिए पात्र हैं। आवेदन हेतु छात्र का फोटो, हस्ताक्षर, माता-पिता के हस्ताक्षर, निवास प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य है। ऑनलाईन आवेदन वेबसाइट से किया जा सकता है। परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। परीक्षा एवं प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार



बिल्हा। प्रार्थी ने थाना हिर्री आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिक बहन को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपने साथ भगा कर ले गया है। मामला पुराना होने के कारण इसकी गंभीरता को देखते हुए लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर अपहृता को आरोपी मनोज निर्मलकर पिता स्व द्वारिका निर्मलकर उम्र 22 साल साकिन हरदी थाना हिर्री के कब्जे से बरामद किया गया। इसके बाद अपहृता का कथन कराया गया, जिसमें अपहृता ने आरोपी के द्वारा शारीरिक संबंध बनाने से स्वयं को गर्भवती होना बताया है। पुलिस ने आरोपी मनोज निर्मलकर पिता स्व द्वारिका निर्मलकर उम्र 22 साल साकिन हरदी थाना हिर्री को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

### 62 पाव देसी शराब सहित आरोपी गिरफ्तार



बोदरी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 24 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि एयरपोर्ट तिराहा के पास से एक व्यक्ति मोटर साइकल एचएफ डीलक्स में शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए जा रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास 62 पाव देशी प्लेन मदिरा मिली। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शेखर सोनी पिता स्व अश्वनी सोनी उम्र 23 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 11 ग्राम सेवार थाना चकरभाठा बिलासपुर का निवासी होना बताया। पुलिस ने आरोपी शेखर सोनी के कब्जे से 62 पाव देशी मदिरा जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) 59(क) के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### मई महीने में हटा दी गई थी स्व. अजीत जोगी की प्रतिमा

# अजीत जोगी की मूर्ति मामले में समर्थकों सहित अमित गिरफ्तार

**प्रतिमा लगाने के प्रयास में 1173 समर्थकों के साथ हुए गिरफ्तार**





पुलिस गिरफ्त में अमित जोगी एवं मूर्ति स्थापना के लिए प्रदर्शन करते समर्थक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की प्रतिमा मामले में एक बार फिर गौरेला में काफी गहमागहमी हुई। मूर्ति लगाने का प्रयास करने के आरोप में मरवाही के पूर्व विधायक अमित जोगी और डॉक्टर केके ध्रुव समेत 1173 समर्थकों को गिरफ्तार किया गया।
जानकारी के अनुसार 25 मई को गौरेला के ज्योतिपुर चौक से छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत जोगी की प्रतिमा रातों-रात हटा दी गई थी जिसे की बाद में गौरेला पुलिस ने बरामद किया था। इस मामले में अमित जोगी ने गौरेला थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया था, साथ ही साथ जिला प्रशासन को वापस उसी स्थान पर एक महीने के भीतर मूर्ति लगाने के लिए अल्टीमेटम दिया था।

पुलिस के द्वारा कोई गिरफ्तारी नहीं होने और प्रशासन के द्वारा मूर्ति नहीं लगाए जाने पर अमित जोगी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में बुधवार की सुबह धरना प्रदर्शन किया। अमित जोगी ने इस मूर्ति कांड पर कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया और कोर्ट जाने की बात भी कही। अमित जोगी ने कहा कि जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री की ओर से रेणु जोगी को आश्वस्त कराया गया था कि मूर्ति लगा दी जाएगी, पर एक महीने बाद भी मूर्ति नहीं लगाई गई। अमित जोगी ने कहा कि मेरे पिता की मूर्ति को प्रशासन ने पिंजरे में कैद कर दिया था जिसको हटाने और मूर्ति को उसी जगह पर लगाने की कोशिश की तो पुलिस में हमें गिरफ्तार कर लिया। अमित जोगी सहित 1173 लोगों को पुलिस ने बीएस एक्ट की धारा 172 के तहत गिरफ्तार करने की पुष्टि एसडीओपी दीपक मिश्रा ने किया। हालांकि कुछ समय बाद अमित जोगी सहित सभी को मुचलके पर रिहा कर दिया गया। आज के इस प्रदर्शन के दौरान मरवाही के पूर्व विधायक डॉक्टर के के ध्रुव , जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, पंकज तिवारी, सागर सिंह बैंस, राम निवास तिवारी, ओम प्रकाश बंका, मदन सोनी, वीरेंद्र बघेल सहित जिले के अलावा मुंगेली , बिलासपुर, राजनांदगांव, कोरबा और बस्तर जिले के कार्यकर्ता मौजूद थे।



संगोष्ठी में शामिल शिक्षक।

## सकरी महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन, आपातकाल पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में बुधवार को आपातकाल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें आपातकाल से जुड़े फोटोग्राफ प्रदर्शनी लगाई गई व वीडियो दिखाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय में संगोष्ठी भी आयोजित की गई।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ पीडी महंत ने कहा कि भारत देश के अमन चैन के लिए 1975 का आपातकाल एक विकराल बाधा सिद्ध हुआ। आज इस घटना को 50 वर्ष पूरे हो गए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय की युवा पीढ़ी इस घटना से सबक लेंगे। आज जब देश पर आतंकियों ने हमले का जवाब ईंट की जगह पत्थर से दिया गया, जिसकी विश्व में चर्चा है। ऐसे में ऐसी लोकतंत्र विरोधी घटनाओं की निंदा हमेशा की जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में डॉ अजय सिंह, बरखा हलवाई, मनीषा उइके, हर्षा देवानी, अंकिता श्रीवास, डॉ सरिता पटेल, अंजू मिरि, प्रदीप साहू, शिवम यादव, संजय बघेल, छात्रों में कपिलदेव, ज्ञानेश मिश्रा एवं उनके साथी उपस्थित रहेष कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार संजय कुर्रे कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया।

## एसपी ने बेलतरा भ्रमण कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

बेलतरा। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बीट प्रणाली के परीक्षण हेतु ग्राम बेलतरा का भ्रमण किया गया। बेलतरा बीट में जाकर श्री सिंह ने बेलतरा गांव के सरपंच, पंच व अन्य गांव के सरपंचों व ग्रामवासियों के साथ बैठक कर पूछताछ की। उन्होंने बेलतरा ग्राम की समस्याएं सुनी एवं पुलिस से लोगों की अपेक्षाओं के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान ग्रामवासियों ने ग्राम में लगातार पेट्रोलिंग एवं अवैध शराब पर कार्रवाई की मांग की एवं बीट प्रभारी पवन सिंह, बीट प्रभारी आरक्षक सुदर्शन मरकाम की तारीफ की। इस पर श्री सिंह ने बीट प्रभारी व बीट प्रभारी आरक्षक को शबाशी दी। उन्होंने ग्रामवासियों की मांग पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।





ग्रामीणों के मौजूद एसपी।

### तेवर गैंग के सरगना एवं आदतन आपराधी का पुलिस ने निकाला जुलूस



तखतपुर। क्षेत्र में भय और आतंक का पर्याय बन चुके तेवर गैंग के मुख्य सरगना एवं पॉक्सो एक्ट के फरार अपराधी राहुल धुरी का पुलिस ने नगर में जुलूस निकाला। पूरे क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले नगर के धुरीपारा निवासी राहुल धुरी उर्फ गोलू पिता रमेश धुरी उम्र 21 वर्ष आदतन अपराधी है, जो आए दिन लोगों से मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देता रहता है। साथ ही छेड़खानी करना, अवैध हथियार लेकर चलना और मारपीट के कई मामले इस उपर दर्ज थे। इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27, पॉक्सो एक्ट 12 तथा 296, 115,2 351,2 118, 126,3,5 294, 506, 307, 34 के तहत थाने में अपराध पंजीबद्ध था और पुलिस इसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी।





## शिक्षक करते हैं समाज को नई दिशा देने वाली पीढ़ी तैयार

सीपत। स्वामी आत्मानंद स्कूल सीपत में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सीपत की सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा आपके धैर्य और ऊर्जा के साथ शिक्षक समाज को नई दिशा देने वाली पीढ़ी तैयार करते हैं।

बच्चे ही समाज के निर्माण की नींव हैं। सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुबे सिंह कश्यप ने बच्चों से जीवन में माता-पिता और शिक्षकों के सम्मान तथा लक्ष्य साधित शिक्षा प्राप्ति की बात कही। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बच्चों को अनुशासन और मार्गदर्शन की राह पर चलने की सीख दी। प्रेस क्लब संरक्षक हिमांशु गुप्ता ने कहा कि यह सिर्फ शाला प्रवेशोत्सव नहीं, बल्कि आपके जीवन की नए शुरुआत के प्रथम अध्याय का प्रतीक है। बच्चे लक्ष्य साधकर कड़ी मेहनत के साथ मन लगाकर पढ़ाई करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या टी विजयलक्ष्मी ने की। इस अवसर पर मंच पर प्रेस क्लब संरक्षक हिमांशु गुप्ता, एसएमडीसी सदस्य नारायण साहू, गीता साहू और वरिष्ठ व्याख्याता पवन पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, माल्यार्पण करते हुए पुस्तक भेंट की और उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अतिथियों ने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### सेमरताल में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम

सेमरताल। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल में मंगलवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पान्डेय व अति विशिष्ट के रूप में मंडल अध्यक्ष मनीष कौशिक एवं सरपंच धनित्तर सूर्यवंशी उपस्थित रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में संजीत पान्डेय, सतीश धीवर, गौरीशंकर साहू, सरजू साहू, च्यवन सूर्यवंशी मौजूद रहे। विद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने मंच में विराजमान अभ्यागतों का स्वागत किया। तत्पश्चात प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्यों, सरपंच और शिक्षकों ने कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया एवं बच्चों को निशुल्क पुस्तक प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पान्डेय ने मधुर गीत गाकर बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। प्राचार्य अनिल वर्मा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए कहा। उन्होंने आगे शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि शिक्षा हम सबके लिए सम्मान से जीने के लिए ब्रह्मास्त्र है, यह हमें अपने अधिकार, देश के प्रति कर्तव्य का बोध कराती है।

## तिलक व मिठाई खिलाकर बच्चों को कराया गया शाला प्रवेश





विद्यार्थियों को संबोधित करतीं अतिथि।

बिलासपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोबरीपाट में सत्र 2025-26 के शुभारंभ अवसर पर शासन के निर्देशानुसार शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं एवं कक्षा नवमी के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर पुष्पगुच्छ से स्वागत कर शाला प्रवेश कराया गया। इसके पश्चात सभी बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जपं सदस्य पुष्पेंद्र सिंह जगत एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष संदीप पाठक ने बच्चों के उत्साहवर्धन कर उन्हें आशीर्वाद दिया। डॉ फेकू साहू एवं सरपंच प्रकाश मरकाम ने बच्चों को लगातार विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। संस्था में उपस्थित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। संस्था की प्राचार्य रजनी सिंह ने कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उत्तम भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं रंजीता कंवर, आरती त्रिवेदी, अर्चना साहू, रामकुमार यादव, व्याख्याता अमित कुमार, लीनूस केरकेट्टा, विजय जाटवर, तृप्ता प्रेम, छाया शर्मा सहित बड़ी संख्या में माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## शुक्ल कॉलेज में आपातकाल पर निबंध प्रतियोगिता

सीपत। मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में बुधवार 25 जून को आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार विविध शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और लोकतंत्र पर उसके प्रभाव से अवगत कराना था।

इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो शत्रुहन घृतलहरे ने आपातकाल को भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे काला अध्याय बताते हुए विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 1975 से 1977 तक का कालखंड भारतीय संविधान, प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला था। इस अवसर पर 'आपातकाल का कालखंड लोकतंत्र के इतिहास में कलंक' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा संगीता साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। अंजली सूर्यवंशी ने द्वितीय और पुष्पांजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ रघुनंदन पटेल, डॉ संतोष बाजपेई, नीना बखारिया, जीवन प्रभाकर गोरे, डॉ हेमपुष्प नायक, वैभव यादव व सुनीता विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो शत्रुघ्न घृतलहरे की ओर से किया गया। आभार प्रदर्शन संगीता साहू ने किया।



## जेएमपी कॉलेज में मीसाबंदियों पर संगोष्ठी

तखतपुर। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में मीसाबंदियों पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने कहा कि संविधान लोकतंत्र का रक्षक है यह हमारे अधिकारों को सुरक्षित और संरक्षित करता है। इसलिए संविधान के अनुकूल हमें अपनी कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए एवं अपने व्यवहार से हमें किसी को किसी प्रकार की शारीरिक आर्थिक या मानसिक प्रताड़ना नहीं देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मीसा बंदियों ने राष्ट्र के लिए अपनी आवाज बुलंद की थी। इस दौरान डॉ मीना शर्मा और डॉ राजीव शर्मा ने कहा कि एक सफल लोकतांत्रिक देश वही है, जो संविधान के नियमों के अनुकूल चले। जिसमें हर व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा हो। इस अवसर पर डॉ एसके पांडे, डॉ राकेश कुर्रे, डॉ पार्वती पटेल, संतोष साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र सूरज, दिनेश, पंकज, योगेंद्र, सुनील, श्रेयांक, पुनीत, गायत्री, अक्षय, आदित्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र...../2024-25 ग्राम सम्बलपुरी, तहसील-सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजू कुमार कौशिक पिता मदन लाल कौशिक निवासी सम्बलपुरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा सम्बलपुरी, पहनं. 40, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 313/2 शामिल 314/2, 315/4 शामिल 316/2, 317/2, 318/2 रकबा 0.0400, 0.01810, 0.0320 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में संजू कुमार पिता मदन लाल कौशिक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि का किसान किताब नहीं होने के कारण नया किसान किताब हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र आदि प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 4/7/25 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/6/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार
सकरी**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्रीमती अंजली रोचवानी पति श्री भगवान दास रोचवानी से इनके नाम पर मौजा परसदा प.ह.नं. 49 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा, अंतर्गत ग्राम पंचायत (परिसीमन पश्चात नगर पालिक निगम बिलासपुर) वार्ड नंबर 9 (रामा वैली प्रीमियम) जिला बिलासपुर में स्थित स्वीकृत भूखण्ड क्रमांक 319 खसरा नम्बर 15001/रकबा 1050 वर्गफीट एवं (1) श्रीमती अंजली रोचवानी पति श्री भगवान दास रोचवानी व (2) कुमारी खुशी वलेचा पिता श्री योगेश कुमार वलेचा दोनों निवासी जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 14 चकरभाठा कैम्प बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर से इनके नाम पर रामा वैली प्रीमियम जिला बिलासपुर में स्थित स्वीकृत भूखण्ड क्रमांक 320 खसरा नम्बर 15001/रकबा 1050 वर्गफीट भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है।

इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय
राजपाल लहरे, पिता जगदीश प्रसाद
वैष्णवी बिहार श्याम रेजीडेंसी उस्लापुर
मो. 7224869788, 9691433966

---

**न्यायालयः (शक्ति सिंह राजपूत)
प्रधान जिला न्यायाधीश, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

आ.क्र.971/25 सिविल अपील क्र. 32 (अ)/23
सुरेश कुमार वगै.....आवेदकगण **विरुद्ध**
गंगाधर वगै........अनावेदकगण

प्रति,
मयंक उम्र 36 वर्ष वल्द स्व. धरमलाल जाति ब्राम्हण नि. पुराना बस स्टैंड, बिलासपुर हा.मु. - गली नं. 4 करबला रोड कश्यप गली, बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)

इस न्यायालय में अपीलार्थी ने न्यायालय | Civil Judge Senior Division जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के सिविल सूट क्र. 42A/2017 में पक्षकार कार्तिकराम (मृत) सुरेश कुमार वगै. बनाम गंगाधर वगै. में पारित निर्णय एवं आज्ञप्ति दिनांक 05/08/2023 को निरस्त किये जाने के लिए अपीलार्थी द्वारा सिविल अपील क्रं. 32A/2023 अंतर्गत धारा 41 नियम 1, 2 व्य.प्र.सं. एवं सहपठित धारा 96 व्य.प्र.सं. के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतः उत्तरवादी क्रं. 10(द) को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि पेशी तारीख 23/07/2025 को दिनांक 10:30 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे प्रकरण की पूर्ण जानकारी हो, के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवें, उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जायेगी जिसकी जवाबदारी आप पर होगी। यदि किसी कारणवश दिनांक 23/07/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले दिवस में सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 20/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
दिनांक 20/06/2025

**(शक्ति सिंह राजपूत)
प्रधान जिला न्यायाधीश, जांजगीर
जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल, जूना बिलासपुर
तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/क/रा.नि./2025 जूना बिलासपुर दिनांक 24/06/2006

प्रति, 1. सरला रमन जोगी 2. रेणु जोगी 3. अजय जायसवाल 4. युगल रोहरा 5. चंद्र प्रकाश बजाज 6. राखी श्यामनानी (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषयः सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक

आवेदक सरला रमन जोगी निवासी प्रियदर्शिनी नगर के द्वारा ग्राम तालापारा प.ह.नं.39 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 144/4 रकबा 0.0049 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 27/06/25 को समय 11.05 pm बजे किया जावेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगा।

टीपः-1-आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है। (इस सीमांकन हेतु तहसीलदार बिलासपुर द्वारा 'टीम' गठन किया गया है।)

**राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय सिविल
जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं प्रतीक यादव उम्र 39 वर्ष पिता स्व. श्री तपन यादव निवासी स्थायी पता भवानी नगर रायपुर वर्तमान पता शुभम विहार मंगला बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ का हूँ, जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ:-
1. यह कि उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरी पुत्री के नाम पर जारी आधारकार्ड नं 7288 7330 5932 पर मेरी पुत्री का नाम आध्या यादव पिता श्री प्रतीक यादव अंकित है।
3. यह कि मेरी पुत्री के कक्षा पहली दूसरी तथा तीसरी के अंक सूची में उनका नाम आध्याश्री यादव पिता श्री प्रतीक यादव अंकित है।
4. यह कि मेरी पुत्री के नाम पर जारी जन्म प्रमाण पत्र में भी उसका वास्तविक नाम आध्याश्री यादव पिता श्री प्रतीक यादव माता श्रीमति पूजा यादव अंकित है।
5. यह कि मैं अपनी पुत्री के जारी जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम आध्याश्री यादव पिता श्री प्रतीक यादव के अनुसार उनके आधारकार्ड में दर्ज नाम आध्या यादव के स्थान पर सुधार कराने हेतु यह शपथपत्र निष्पादित किया हूँ।

शपथकर्ता-प्रतीक यादव

**सत्यापन**

मैं प्रतीक यादव सत्यापित करता हूँ कि शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 05 तक मे वर्णित सभी कथन मेरे स्वतः के जानकारी में सत्य एवं सही है। जिसे आज दिनांक 25/06/2025 को स्थान बिलासपुर मे पढ़ कर तथा समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

शपथकर्ता-प्रतीक यादव

---

**आम सूचना**

मौजा कोनी प.ह.नं. 17 रा.नि.म. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 138/4 क्षेत्रफल 1020 वर्गफुट भूमि जो राजस्व अभिलेखों में श्रीमती सुनंदा बाई गढ़वाल पिता स्व. रामाधार गढ़वाल के नाम पर दर्ज है। इसी प्रकार मौजा कोनी प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 138/6 रकबा 1020 वर्गफुट भूमि जो राजस्व अभिलेख में श्रीमती सरस्वती बाई गढ़वाल पति स्व. रामाधार गढ़वाल के नाम पर दर्ज है। इसी प्रकार प.ह.नं.17, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 138/5 रकबा 1020 वर्गफुट भूमि जो राजस्व अभिलेखों में सुभद्रा बाई पिता स्व0 रामाधार गढ़वाल के नाम पर दर्ज है, उक्त भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार से किया गया है, विक्रेतागण द्वारा इस संबंध में मेरे पक्षकार से बयाना राशि भी प्राप्त किया जा चुका है। निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादन किया जाना है, यदि उक्त विक्रय पत्र से किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था या निगम को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करावें। निर्धारित समयावधि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक-25.06.2025
स्थान- बिलासपुर छ.ग.

भवदीय
संजय सिंह अधिवक्ता,
ओम जोन, बी-15, शुभम विहार
बिलासपुर छ.ग.
मो.नं.-90398-43284, 98279-55389

---

**न्यायालय अतिरिक्त
तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/Q/ अति.तह./वा. /2025
बिलासपुर, दिनांक 16.06.2025

ग्राम तिफरा के सर्व साधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिफरा प.ह.न. 40 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 169/12 रकबा 0.0270 मे से 0.0143 हे. एकड़ भूमि की अभिलेख सुधार के लिए श्री दुर्गेश कुमार साहू आ. डी. एल. साहू निवासी यादव नगर तिफरा द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 04/07/25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 16.06.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल, जूना बिलासपुर
तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/क/रा.नि./2025 जूना बिलासपुर दिनांक 23/06/2006

प्रति, 1. श्रीमती शारदा विश्वकर्मा 2. रमेश विश्वकर्मा, 3. कैलाश कुमार 4. अजय विश्वकर्मा 5. पिंकी विश्वकर्मा 6. द.पू.म.रे. बिलासपुर अन्य सर्वसंबंधी हितबद्ध पक्षकार।
विषयः सीमांकन के संबंध में सूचना बाबत्।
(समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषयः सीमांकन में उपस्थित होने बाबत्।
संदर्भः न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/तह./वाचक/2025 बिलासपुर दिनांक

आवेदक शारदा विश्वकर्मा निवासी तारबाहर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं.36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 896/ 21 रकबा 0.0108 ई के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 03/07/25 को समय 11.05 pm बजे किया जावेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगा।

टीपः-1-आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 26 जून 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



आयोजन

## अपोलो कैंसर सेंटर ने लांच किया कैनविन कैंसर से बचे लोगों को चिन्हित करने कदम



**बिलासपुर।** अपोलो कैंसर सेंटर ने बुधवार को कैन विन लॉच किया। यह कैंसर से बचे लोगों को चिंहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक कैंसर समर्थन समूह जो हर किसी को अपने कैंसर की यात्रा में एक साथ लाता है। डॉ अनिल कुमार गुप्ता चिकित्सा अधीक्षक अपोलो कैंसर सेंटर बिलासपुर ने बताया कि अपोलो 'कैनविन' के साथ, हम एक ऐसे समुदाय बना रहे हैं, जहां साहस साझा किया जाता है। आवाज सुनी जाती है। सकारात्मक कहानियां दवा के लिए एक सपोर्ट बन जाती है। कैनविन एक ब्रांड, एक प्रकार के कार्यकर्ताओं, मनोविज्ञान, रोगियों, कैंसर विनर, देखभाल करने वाले और स्वयंसेवकों को एक मंच प्रदान करता है। वहीं सिर्फ एक समूह से अधिक यह अपनी बात रखने, तकनीक सीखने के लिए एक सुरक्षित स्थान है। यह मंच हाल ही में डायग्नोज हुए कैंसर के मरीज, जिनका उपचार जारी है या अपने किसी मित्र, रिश्तेदार, परिवार के सदस्य के लिए एक संदेश है कि वे अकेले नहीं है। आराधना त्रिपाठी की कैंसर डायग्नोज होने के बाद उनके पूर्णतः सकारात्मक सोच में परिवर्तित होने की बात प्रेरणादायी है। सेकंड स्टेज का कैंसर डायग्नोज होने के बाद अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के डॉ परीदा व डॉक्टर अमित वर्मा ने उन्हें साहस दिया कि वह पूर्णतः ठीक हो सकती हैं। साथ ही परिवार में उनके पति श्री त्रिपाठी ने भी उन्हें मनोबल प्रदान किया। आज श्रीमती त्रिपाठी स्वस्थ होकर कैंसर मरीजों के लिए एक सफल काउंसलर बन चुकी है।

# कलाकारों ने किया नाटक आषाढ़ का मंचन

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एनई इंस्टीट्यूट के ऑडिटोरियम में सुप्रसिद्ध नाटक कार मोहन राकेश द्वारा रचित तथा हर्षल शारदा द्वारा निर्देशित कालजयी नाटक आषाढ़ का एक दिन का मंचन किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर







कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंचस्थ अतिथियों के सम्मान के बाद बताया गया कि यह नाटक अंतर मंडलीय हिंदी राजभाषा नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, मंडलीय नाट्य प्रतियोगिता में तृतीय स्थान तथा अखिल रेलवे हिंदी नाट्य प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। इस नाटक के मुख्य कलाकार ममता राजपूत, प्रियंका फुलझेले, हर्षल शारदा, रूना लैला, आदित्य, ब्रजनंदन सिंह, जय प्रकाश पाठक एवं कुंदन शेडें हैं। पार्श्व गायन एस. अरुणा, पार्श्व संगीत प्रज्वल बोरकर, उर्मिला सिंह, प्रकाश योजना अरुण भांगे, आदित्य कुमार, मंच सज्जा रमाकांत सोनी, रौशन कुमार, अरुण प्रधान, वेशभूषा प्रियंका फुलझेले, रुप सज्जा रूणा लैला, ममता राजपूत का रहा।

### है प्रेम कहानी पर रचित नाट्य

आषाढ़ का एक दिन मोहन राकेश द्वारा लिखित एक बहुत ही प्रसिद्ध हिंदी नाटक है। इस नाटक का मंचन भारत सहित विदेशों में भी अंग्रेजी भाषा में हुआ है। आषाढ़ का एक दिन कविराज कालिदास और मल्लिका की प्रेम कहानी पर रचित नाट्य है। आषाढ़ एक हिंदी कैलेंडर का महीना है जो सावन से पहले पड़ता है। इस महीने में उत्तर भारत में बारिश के मौसम की शुरुआत होती है। नाटक का आरंभ इसी आषाढ़ के एक दिन से शुरू होती है। जब खूब मूसलाधार बारिश हो रही है और नायिका मल्लिका भीगते हुए घर में प्रवेश करती है।

### गायक कलाकारों ने बिखेरी सांस्कृतिक छंटा



## बाल सुब्रमण्यम की स्मृति में गीत-संगीत की प्रस्तुति

एसपी बाल सुब्रमण्यम की स्मृति में आंध्र समाज के तत्वावधान में सेवन स्टार म्यूजिकल ग्रुप ने एक से बढ़कर एक गीत-संगीत पेश कर सांस्कृतिक छंटा बिखेरी। छत्तीसगढ़ के हर जिले से आए गायक कलाकारों ने उनके गाए गीतों को वाद्य यंत्रों की धुन के बीच पेश किया। पुराना बस स्टैंड स्थित समुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेलगु समाज बिलासपुर के अध्यक्ष एन रमना मूर्ति, आर मनोरथ बाबू, यू मुरली राव, कमलेश लवहातरे, संजीव पाल, विजयलक्ष्मी, 7 स्टार म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर राकेश रोशन शाह ने श्री सुब्रमण्यम की छायाचित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अतिथि छत्तीसगढ़ तेलगू महासंगम के सचिव आर मनोरथ बाबू ने कहा कि एसपी बाल सुब्रमण्यम एक प्रसिद्ध भारतीय पार्श्व गायक, अभिनेता, संगीत निर्देशक और फिल्म निर्माता थे। उन्होंने 16 भारतीय भाषाओं में 40 हजार से अधिक गाने गाए और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। 6 बार सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। हमारे समाज सहित अन्य सभी के लिए उनका संगीत प्रेरणादायी है।

**इन्होंने दी प्रस्तुति :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से गायक कलाकार डॉ संजय कृष्टि माऊथआर्गन वादक, एकता सिंह, के अरुणा राव धमतरी, कांति मौर्य राजनांदगांव, प्रेम चौहन, सहतर पाटले जांजगीर-चांपा, सत्यजीत घोष, माया बानवारे, संजय कौशिक बिलासपुर, प्रेमलाल साहू, संगीता साहू धमतरी, शशिकुमार भट्ट रायगढ़, जानकी बरेठ कोरबा, पी.एस. श्रीनिवास बिलासपुर, विरेन्द्र सेन रायपुर, विरेन्द्र रमेश सिंह, रमेश, जय सिंह बिलासपुर, लक्की नायक रायपुर, काजल मुहेश्वरी, निशा दर्वे कोरबा, मनीषा अवस्थी, रानो पसेसिया, कु. अंजली बिलासपुर, कु. आरती साहू रायपुर गेस्ट सिंगर, प्रभाष कुमार, गायत्री सोनी कोरबा, मनहरण करियारे, राम राज्य पाण्डेय जॉजगीर, राजेश जैन रायपुर, सेतु साहू एंकर रायपुर, मनहरन सिंह वीडियो ग्राफर ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया।

## स्मृति, साधना और संकल्प रंगकर्म की पुनर्परिभाषा

योगेश स्मृति नाट्य समारोह' द्वारा 27 से 29 जून तक नाट्य मंचन का आयोजन किया जा रहा है। स्वर्गीय योगेश पाण्डे की स्मृति में समर्पित यह कार्यक्रम एक रंगकर्मी को उनकी साधना, विचार और योगदान के लिए ससम्मान नमन है। रंगशिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान इस कार्यशाला की प्रेरणा भी रहा है और दिशा भी। इस प्रशिक्षण श्रृंखला में अभिनय, रंग-प्रस्तुति, संवाद, निर्देशन, दृश्य योजना, संगीत और रंगकर्म की सामाजिक प्रासंगिकता को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण हुआ। सुनील चिपड़े ने कार्यशाला का नेतृत्व करते हुए रंगमंच को विचार और अनुशासन के साथ जोड़ने का प्रयास किया।



उनके साथ अरुण भांगे ने तकनीकी शिक्षा दी, कुणाल भांगे ने दृश्य रचना और भाव सम्प्रेषण में युवाओं को मार्गदर्शन दिया, और चंपा भट्टाचार्य ने संगीत के माध्यम से रंग-संवेदना को विकसित किया। कार्यशाला में बच्चों के लिए एक पृथक प्रशिक्षण भी संचालित हुआ, जिसके अंतर्गत एक नाट्य प्रस्तुति तैयार की गई। इसमें उनकी संवाद शैली, सामूहिक प्रदर्शन और मंचीय अनुशासन को देखा जा सकेगा। इस नाट्य समारोह में जिन नाटकों का मंचन होगा, वे हबीब तनवीर, नादिरा बब्बर और रंजीत कपूर जैसे प्रतिष्ठित रंगनाटककारों की रचनाएँ हैं। यह प्रस्तुतियाँ प्रतिभागियों के भीतर जागे रंग संस्कार का परिणाम हैं। 27, 28 और 29 जून को प्रतिदिन शाम 7 बजे पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागार में यह आयोजन होगा।

कार्यक्रम

## रामकुमार की पुस्तक का विमोचन, गायत्री परिवार में बिताए 50 वर्ष का संस्मरण



**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर के ट्रस्टी एवं सहायक उपजोन समन्वयक रामकुमार श्रीवास द्वारा लिखित पुस्तक गायत्री परिवार में मेरे 50 वर्ष का विमोचन हुआ। इस पुस्तक में गायत्री परिवार में बिताए उनके 50 वर्ष का संस्मरण सन्निहित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रभूषण वाजपेई पूर्व न्यायमूर्ति थे। अध्यक्षता डॉ विनय पाठक कुलपति थावे विश्वविद्यालय ने की। विशिष्ट अतिथि अपर कलेक्टर बिलासपुर शिवकुमार बनर्जी, दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. राम नारायण पटेल, सहायक प्राध्यापक डॉ आनंद कश्यप, ओएसडी सूरज देवसेना युवा लेखक थे। ट्रस्टी रामकुमार श्रीवास ने बताया कि गायत्री परिवार के संस्थापक पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के साथ जुड़ने, अपनी सक्रिय भागीदारी करने तथा अनेक घटनाओं का वर्णन रोचकता के साथ प्रस्तुत है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता शीतल पाटनवार, गणेश श्रीवास सहित अनेक वरिष्ठ साहित्यकार उपस्थित रहे।

## महाप्रभु के स्वस्थ होने के बाद आज खुलेगा जगन्नाथ मंदिर का पट

**बिलासपुर।** रेल्वे स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में गुरुवार 26 जून को नेत्रोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन 15 दिन बाद मंदिर का पट खुल जाएगा। भगवान श्रद्धालुओं को नवयौवन रूप में दर्शन देंगे। भगवान का दर्शन पाने भक्तों की सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ेगी।

श्री जगन्नाथ सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि देव स्नान के बाद महाप्रभु को बुखार आ गया था। बुखार आने के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया गया था। मंदिर के पुजारी पं. पाणिग्रही द्वारा महाप्रभु को निरंतर काढ़ा दिया जा रहा था। जिससे वे स्वस्थ होते गए। उनके स्वस्थ होने के बाद गुरुवार 26 जून को मंदिर का पट खुल जाएगा। भगवान का एक झलक पाने सुबह से ही मंदिर में भीड़ लगनी शुरू हो जाएगी और यह क्रम शाम तक चलते रहेगा। इस दिन को ही नेत्रोत्सव का नाम दिया गया है। इस दिन महाप्रभु श्रद्धालुओं को नवयौवन रूप में दर्शन देंगे। नेत्रोत्सव को उत्साह व धूमधाम से मनाने श्री श्री जगन्नाथ सेवा समिति के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।



**उत्साह से मनाया जाएगा नेत्रोत्सव, श्रद्धालु नवयौवन रूप में कर सकेंगे दर्शन**

### पुरी की तर्ज पर होगा आयोजन

रेलवे परिक्षेत्र में मंदिर की स्थापना से रथ उत्सव की परंपरा शुरू हुई है जो आज तक चल रहा है। मंदिर में पूजन से लेकर रथ महोत्सव, विभिन्न धार्मिक कार्य पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर होगा।

### कल निकाली जाएगी रथयात्रा

शुक्रवार 27 जून को बाजे-गाजे व कीर्तन मंडली के साथ एक भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा निकलने से पहले दोपहर 1 बजे केन्द्रीय मंत्री तोखन साहू छेरापहरा की रस्म निभाएंगे। रथ की रस्सी खींचने श्रद्धालुओं के बीच होड़ रहेगी। दोपहर 2 बजे रथयात्रा मंदिर से निकलेगी एवं शहर भ्रमण करते हुए महाप्रभु मौसी मां मंदिर पहुंचेंगे। महाप्रभु रास्ते में भक्तों को दर्शन देते हुए शहर का हालचाल जानेंगे। मौसी मां मंदिर में महाप्रभु पूरे 8 दिन रहेंगे। उनके सम्मान में पूरे 8 दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे।

## श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव पर नौ दिनों तक होगी पूजा

**बिलासपुर।** सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। पीताम्बरा पीठ के पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने बताया कि आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव 26 जून से प्रारंभ होकर 4 जुलाई तक मनाया जाएगा। त्रिदेव मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन प्रातःकालीन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन श्रृंगार शैलपुत्री देवी, काली माता के रूप में किया जाएगा। श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक, महाकाली महालक्ष्मी,महासरस्वती देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक किया



गया। परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का पूजन एवं श्रृंगार,श्री सिद्धिविनायक गणेश, हनुमान, भैरव का पूजन किया गया। मां दुर्गा और उनकी दस महाविद्याओं की विशेष पूजा की जाती है। गुप्त नवरात्र को विशेष रूप से गुप्त साधानाओं के लिए जाना जाता है,दस महाविद्याओं में माँ काली प्रथम रूप है,माँ काली जी का स्वरुप अत्यंत विकराल, अभंयकारी और मंगलकारी है। माँ काली का ये स्वरुप असुरों का नाश करने वाला है,यदि कोई व्यक्ति गुप्त नवरात्री के दौरान माँ काली की पूजा करता है तो उसके ऊपर सामने आसुरी शक्तियों का कोई असर नहीं होता हैं। माँ काली की पूजा करने वाले व्यक्ति को रूप, यश,जय की प्राप्ति होती है। समस्त सांसारिक बाधाएं खत्म हो जाती है। माँ काली ने चंड-मुंड का संहार किया था, इसलिए इन्हे चामुण्डा के नाम से भी जाना जाता है। माँ काली अपने गले मुंडमाला धारण करती हैं इनके एक हाथ में खड्ग दूसरे हाथ में त्रिशूल और तीसरे हाथ में कटा हुआ सिर होता है।



## पालकी पर सवार होकर आएंगी माता दुर्गा

आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा गुरूवार से प्रारंभ हो रही है, जिसका 4 जुलाई को समापन होगा। माता रानी के भक्त गुप्त नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन श्रद्धालु निराहार या फलादार रहकर मां दुर्गा की अराधना करते हैं, प्रतिपदा तिथि में घर व मंदिर में कलश स्थापना की जाएगी श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव मंदिर रतनपुर मे अभिजीत मुहूर्त मे कलश प्रजवलित होंगी। पंडित जागेश्वर अवस्थी ने बताया की नवरात्रि में माता दुर्गा के वाहन का विशेष महत्व होता है, जब भी नवरात्रि चालू हो उस दिन माता जी किस्मे आ रही है भक्त को दर्शन देने यह बहुत बड़ा संकेत देती है। मां पालकी (डोली) में सवार होकर आती हैं, इससे नवरात्रि के दौरान तेज बारिश के योग बनेंगे, मां दुर्गा का पालकी पर आना अशुभ माना गया है क्योकि की माता का वाहन शेर है और पालकी मे आ रही है,जिसके चलते कही कही भारी बारिस तों कही आपदा भी आने की संकेत है।

जागरूकता

## आईसीएआई शाखा ने समाज को दिया स्वच्छता का संदेश



**बिलासपुर।** सीआईसीएएसए, आईसीएआई की बिलासपुर शाखा द्वारा एक जागरूकता भरा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों को स्वच्छ भारत और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। इस अभियान में सीआईसीएएसए के सभी छात्र-छात्राएं तथा सीए सदस्यगण सक्रिय रूप से शामिल हुए। अभियान का आयोजन शहर की प्रमुख सार्वजनिक जगहों जैसे बाल उद्यान, हैप्पी स्ट्रीट के आसपास के क्षेत्रों एवं सड़कों पर किया गया। छात्रों ने हाथों में झाड़ू और कचरे की थैलियाँ लेकर पूरे उत्साह के साथ सफाई की और नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सीआईसीएएसए की इस पहल ने यह सिद्ध किया कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी जैसे प्रोफेशनल कोर्स के छात्र न केवल पढ़ाई में आगे हैं, बल्कि समाज सेवा और जिम्मेदारी में भी योगदान देने को तत्पर हैं। सीए सदस्यों की उपस्थिति ने छात्रों का उत्साह और बढ़ाया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ सफाई करना नहीं था, बल्कि यह संदेश देना था कि हर नागरिक को स्वच्छता के प्रति जागरूक होना चाहिए। बच्चों ने यह संकल्प लिया कि वे आगे भी अपने आस-पास की जगहों को साफ-सुथरा बनाए रखने में योगदान देते रहेंगे।

धर्म-क्षेत्र

## महिलाओं ने की अमावस्या पूजा, दान-पुण्य किया



**बिलासपुर।** सिंधी समाज कि महिलाओं के द्वारा बुधवार को अमावस्या पर विशेष पूजा अर्चना की गई। अमावस्या के दिन दान अवश्य करना चाहिए जिससे घर में सुख शांति और पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस दिन मौसमी फलों का दान किया जाता है, घर में जो पुरुष है उनकी पसंद की वस्तु का दान करते है। ऐसी मान्यता के इस पूजा से पुरुषों को लंबी उम्र व अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त होता है। इस बड़ी अमावस्या के बाद अच्छी वर्षा होती है, इसलिए किसान अपने इस्तेमाल किए जाने वाले यंत्रो की पूजा भी करते हैं। अमावस्या के दिन कमजोर मन वाले को तकलीफ अधिक होती है, अगर व्यक्ति आध्यात्मिक हो तो उसके मन को मजबूती प्रदान होती है। यह पूजा विशेष रूप से नदियों के किनारे की जाती है,इस पूजा में विशेष रूप से रेशु जेठमलानी,राम्या लालवानी,नेहा आहुजा,अंशु पारवानी,पूजा जेठमलानी व शारविल उपस्थित रहे।

**एयू के चौदहवें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए तोखन, अरूण, धरमलाल व धर्मजीत**

# एयू के छात्रों को दी ब्रह्मोस समेत दूसरी स्वदेशी मिसाइलों की जानकारी

कार्नर न्यूज

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में 14 वें स्थापना दिवस अवसर तीन दिवसीय आयोजन रखा गया था। इसके तहत बुधवार को मुख्य कार्यक्रम और प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक धर्मजीत सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ब्रम्होस एयरोस्पेस एवं के पूर्व सीईओ एवं डीआरडीओ के मानद सलाहकार डॉ. सुधीर मिश्रा ने आपरेशन सिंदूर रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भता विषय पर तकनीकी दृष्टि से अपनी बात रखते हुए छात्रों को मिसाइल तकनीक की जानकारी प्रदान की।




डॉ. सुधीर मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर कोई साधारण कार्यक्रम नहीं बल्कि भारत की वैज्ञानिक आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसके अंतर्गत भारत द्वारा विकसित स्वदेशी मिसाइल प्रणालियों जैसे ब्रह्मोस, आकाश, नाग, पृथ्वी, अग्नि की निर्माण एवं तैनाती ने रक्षा क्षेत्र को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल विश्व की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल जिसकी गति एमएसीएच 2.8–3.0 है और यह थल, जल, वायु से दागी जा सकती है। इसका उपयोग एंटी-शिप, भूमि-हमला, और सटीक हमला में होता है। आकाश मिसाइल जो मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल लड़ाकू विमानों और ड्रोन को लक्ष्य बना सकती है। नाग मिसाइल जो टैंक-विरोधी निर्देशित मिसाइल थर्मल इमेजिंग तकनीक से सटीक हमला करती है। पृथ्वी व अग्नि श्रृंखला जो कम से लेकर लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें आवश्यकतानुसार परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। डॉ. मिश्रा ने बताया कि भविष्य में भारत मैक 5 प्लस हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली भी विकसित कर रहा है जो किसी भी आधुनिक हवाई या नेवल खतरे का सामना कर सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आप विज्ञान, तकनीक और नवाचार को राष्ट्रसेवा मानते हैं तो डीआरडीओ, इसरो जैसे संस्थान आपके लिए विशाल अवसरों से भरे हुए हैं।

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे - साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस तीन दिवसीय आयोजन की सराहना करते हुए कहा की भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भरता की ओर तीव्र गति से बढ़ रहा है और रक्षा क्षेत्र में मिली सफलताएं इसका प्रमाण हैं।

### कुलपति ने डॉ. मिश्रा को बताया डॉ. कलाम का उत्तराधिकारी

एयू के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने कहा कि यूनिवर्सिटी का जीवन काल बहुत छोटा है पर महत्वकांक्षाएं बहुत बड़ी हैं। कम से समय में बड़ी–बड़ी उपलिब्धयों हासिल कर लिया है। यूनिवर्सिटी जिसके नाम पर है, वह नाम इतना बड़ा है। कुलपति ने अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह का इतने व्यस्थ समय में भी यूनिवर्सिटी में उपस्थिति होने के लिए स्वागत किया। कुलपति ने बताया कि डीआडीओ के सलाहकार सुधीर मिश्रा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के अघोषित उत्तराधिकारी हैं। ब्रह्मोस मिसाइल इनके निर्देशन में तैयार हुआ।

### ग्यारह साल में भारत कहां पहुंच गया- धरमलाल

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि जिसके नाम पर यूनिवर्सिटी है, वे कवि, पत्रकार, राजनितिज्ञ थे। अटल जी केवल प्रधानमंत्री नहीं थे, केवल जीत हासिल नहीं किए थे बल्कि दिल जीतने वाले कोई व्यक्ति थे, वे अटल जी थे। इस विश्वविद्यालय को विराट नेतृत्व कुलपित आचार्य वाजपेयी के रूप में मिला है। प्रधानमंत्री का जो कार्यकाल शुरू हुआ तब रक्षा क्षेत्र में हम आयात करने वाले देशों में थे और दूसरे देशों पर निर्भर थे। प्रधानमंत्री ने बजट बढ़ाया, वैज्ञानिकों को परीक्षण के खुला छूट दिया गया। आज 11 साल में हम देख सकते हैं कि भारत कहां पहुंच गया है।

### कुलपति बनकर दिखना भी जरूरी- धर्मजीत

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि कुलपति बनकर दिखना भी जरूरी है, यहां कुलपति आचार्य वाजपेयी ने दिखाया। बड़े–बड़े विद्वानों से छात्र व शिक्षकों को मिलवाए। उन्होंने कहा कि जिंदगी में आदमी कभी रिटायर नहीं होता है। उम्र सबके ऊपर हाबी होता है। उन्होंने कहा कि कुलपति की योग्यता पर भरोसा है कि इनके लिए नए पद सृजित होंगे। इनके एप्रोच ऐसे हैं कि अगली बार राज्यसभा में भी दिख सकते हैं। प्रदेश में बड़े–बड़े विश्वविद्यालय हैं पर यह अटल यूनिवर्सिटी बहुत तेजी आगे बढ़ रही है।

### गुरु व शिष्य की परंपरा श्रेष्ठ - तोखन

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि हमारे देश में गुरु और शिष्य की परंपरा बहुत श्रेष्ठ है। भगवान श्रीकृष्ण और श्रीराम ने गुरु के आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी। अब स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में जाकर शिक्षा प्राप्त करते हैं पर गुरुओं के लिए सम्मान वही है। यह विश्वविद्यालय अटल जी के नाम से स्थापित है। अटल जी को पूरा भारत वर्ष सम्मान करता है। राजनीति और पार्टी के ऊपर अटल जी थे। 11 साल में प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता के कारण आज भारत विश्व की पांच अर्थव्यवस्था में शामिल है। वर्ष 2047 में भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाएगा। इसको लेकर काम करना होगा। कार्यक्रम में पूर्व कुलसचिव डॉ. सुधीर शर्मा, पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. यूके श्रीवास्तव और पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रवीण पाण्डेय सम्मानित हुए। वहीं बेस्ट शिक्षक के रूप में कंप्यूटर साइंस विभाग के जितेंद्र गुप्ता और होटल मैनेजमेंट में हैरी जार्ज को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### दूसरे की आईडी से सिमकार्ड लेने वाला एजेंट गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दूसरे की आईडी से सिमकार्ड लेकर आर्थिक लाभ अर्जित करने वाले एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, 24 जून को करीम मोहम्मद ने शिकायत करते हुए बताया डाक बंगला निवासी द्वारिका साहू मोबाइल का पीओएस एजेंट हैं। उन्होंने पिछले दिनों अपनी आईडी जमा कर उससे सिम कार्ड लिया था। वह उनकी आईडी से दूसरा सिम कार्ड लेकर आर्थिक लाभ अर्जित कर गलत उपयोग कर रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत एजेंट द्वारिका साहू पिता स्व. दिलीप साहू 22 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

### अवैध शराब समेत 3 कोचिए गिरफ्तार



**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध शराब ले जाते हुए 3 कोचियों को पकड़कर भारी मात्रा में शराब जब्त किया है। पुलिस ने कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है। सकरण्डा पुलिस ने मुखबिर की सूचना अवैध रूप से शराब बेचने वाले लिंगियाडीह अटल आवास निवासी मनोज भट्ठ उर्फ गज्जू पिता शिव कुमार भठ्ठ 27 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त की गई है। चकरभाठा पुलिस ने घेराबंदी कर बाइक में अवैध रूप से शराब लेकर जा रहे सेवार निवासी शेखर सोनी पिता स्व. अश्वनी सोनी 23 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 62 पाव देशी शराब जब्त की गई है। कोटा पुलिस ने पिपरतराई निवासी दिनेश कुमार कुर्रे पिता भागवत कुर्रे 22 साल को पकड़कर 33 नग देशी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत तीनों कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### काम करने के दौरान करंट लगने से मिस्त्री की मौत

**बिलासपुर।** काम के दौरान करंट लगने से मिस्त्री की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सीपत रोड सरकण्डा निवासी दीपक बुनकर पिता जवाहर बुनकर ने बताया, रमतला निवासी ओमप्रकाश कोरी पिता राजकुमार कोरी 21 साल बिजली मिस्त्री का काम करता था। 25 जून को पंजाबी कालोनी दयालबंद के एक मकान में काम कर रहा था। काम करने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। सूचना पर वह अन्य सहयोगियों के साथ उक्त मकान में गए तो ओमप्रकाश मूर्छित अवस्था में पड़ा हुआ था। उनके द्वारा इलाज के लिए उसे सिम्स लाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर सिम्स चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### चाकू रखकर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चाकू लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली पचरीघाट के पास एक युवक चाकू रखकर लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सरकण्डा बंधवापारा निवासी मुकेश यादव पिता स्व. दिनेश यादव 21 साल को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है।

**काम अब बिना पेन-कागज के** ई-ऑफिस के अंतर्गत डिजिटल तरीके से होगा फाइलों का मूवमेंट, पंद्रह दिनों के भीतर आफिसों में हाईटेक तकनीक से होगा कामकाज

# दो हजार अधिकारी-कर्मचारियों की डिजिटल आईडी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

सरकारी दफ्तरों में फाईलों का मूवमेंट अब बगैर पेन-कागज के हाईटेक तरीके से होगा। ई-आफिस के अंतर्गत निर्धारित पोर्टल में होने वाले कामकाज के लिए जिले के करीब दो हजार अधिकारी व कर्मचारियों की डिजिटल आईडी तैयार कर ली गई है। पूरी संभावना है कि पंद्रह दिनों के भीतर नई तकनीक से जिले में फाईलों का मूवमेंट प्रारंभ कर दिया जाएगा।

सरकारी कार्यालयों में अब कामकाज के लिए पेन और कागज पर निर्भरता जल्द ही समाप्त हो जाएगी। सरकार ने ई-आफिस के जरिए कार्यालयों को डिजिटल करने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा इसके लिए Eoffice-district.cg.gov.in नामक पोर्टल तैयार किया गया है। इस पोर्टल में जिले व ब्लाक के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की आईडी तैयार कर रजिस्ट्रेशन भी करा दिया गया है। पोर्टल में सभी विभागों व अधिकारी-कर्मचारियों की एक प्रोफाईल होगी, जिसे ओपन करते ही उस विभाग से संबंधित आने व जाने वाली फाईलों की जानकारी मिल सकेगी।



अधिकारी व सेक्शन इंचार्ज कर्मचारी द्वारा अपनी प्रोफाईल में ही डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से फाईल को आगे बढ़ाया जा सकेगा। मंगलवार को इस संबंध में एनआईसी में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था, जिसमें जिले के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। चूंकि बिलासपुर जिले में प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षक ही विभिन्न जिलों में बारी-बारी प्रशिक्षण दे रहे हैं, जिससे सभी जिलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त हो जाने के बाद ई-आफिस के लागू हो जाने की संभावना बन रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यह इस तकनीक का शुरूआती दौर है तो पहले इसके परिपालन में कुछ तकनीकी दिक्कतें आ सकती हैं, लेकिन कुछ समय बाद यह लोगों की आदत में शामिल हो जाएगा, जिससे ई-आफिस के जरिए काम सुचारू रूप से चलता रहेगा।

### हस्ताक्षर के लिए फिलहाल होंगे तीन विकल्प

ई-आफिस के अंतर्गत प्रारंभिक अवस्था में अधिकारियों व कर्मचारियों के सामने हस्ताक्षर के लिए तीन विकल्प रहेंगे। इसके अंतर्गत डिजिटल हस्ताक्षर, ई-साईन व तीसरा ऑफलाईन साईन की सुविधा भी रहेगी, ताकि किसी अधिकारी या कर्मचारी के सक्षम नहीं होने की हालत में ऑफलाईन हस्ताक्षर को स्कैन कर फाईल आगे बढ़ाई जा सके। ई-आफिस के जरिए काम करते-करते सभी के अनुभवी होने की दशा में इस व्यवस्था को बाद में शत-प्रतिशत ऑनलाईन कर दिया जाएगा।

### जिले व ब्लाक के सभी बड़े आफिस हुए शामिल

ई-आफिस के लिए जिले के सभी कार्यालयों के अधिकारी-व कर्मचारियों की आईडी तैयार कर ली गई है। इसी तरह ब्लॉक मुख्यालयों में स्थापित आफिस जिनमें एसडीएम आफिस, बीईओ आफिस व जनपद पंचायत सहित सभी बड़े ऑफिस शामिल किए गए हैं। इन सभी कार्यालयों से लगभग दो हजार लोगों की आईडी तैयार की जा चुकी है। ऐसे अधिकारी या कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है, जिनकी आईडी तैयार नहीं हो पाई हो। अभी हाल ही में ट्रांसफर पर कहीं अन्य स्थानों पर जाने वाले अधिकारी या कर्मचारियों का नाम ही इसके लिए रह गया है।

**15 दिनों में आएगा अस्तित्व में**

ई-आफिस के अंतर्गत डिजिटल तरीके से फाईलों के मूवमेंट के लिए जिले के करीब दो हजार अधिकारी-कर्मचारियों की एनआईसी की ईमेल आईडी तैयार कर संबंधित पोर्टल में रजिस्ट्रेशन भी किया जा चुका है। पूरी संभावना है कि ई-आफिस अगले पंद्रह दिनों के भीतर ही जिले में अस्तित्व में आ जाएगा।

-नितिन तिवारी
एसडीएम कोटा एवं नोडल अधिकारी ई-आफिस

**मस्तूरी रिस्दा में हादसा :** ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

# मोबाइल में बात करते स्कार्पियो के ड्राइवर ने पैदल कोचिंग जा रही छात्रा को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मोबाइल में बात करते हुए बेलगाम दौड़ती स्कार्पियो के ड्राइवर ने पैदल कोचिंग जा रही छात्रा को जबरदस्त टक्कर मार दी। इससे छात्रा उछलकर काफी दूर फेंका गई, सिर में गंभीर चोट आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया।

पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, ग्राम रिस्दा निवासी कु. नवरत्ना नोर्गे पिता जीवन लाल नोर्गे 21 साल पीएससी की तैयारी कर रही थी। 25 जून की दोपहर 1 बजे वह अपनी सहेली के साथ पैदल गांव में कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही स्कार्पियो क्रमांक सीजी 11 एएच, 4927 के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कु. नवरत्ना नोर्गे को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे छात्रा उछलकर दूर जा गिरी और सिर में गंभीर चोट आई। वहीं साथ जा रही सहेली छात्रा झटके से साइड में गिर गई, जिससे मामूली चोट आई। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर जयरामनगर की ओर भाग गया। भागते समय गांव वालों ने स्कार्पियो को नम्बर नोट कर लिया। उसके बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ गई। सूचना मिलते ही मस्तूरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। गांव के लोगों ने टीआई श्री टाण्डेकर को बताया, स्कार्पियो का ड्राइवर मोबाइल में बात करते हुए गाड़ी चला रहा था। घायल दोनों छात्राओं को डायल 112 से मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद नवरत्ना नोर्गे को मृत घोषित कर दिया।



एंबुलेंस में अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी। इनसेट में मृतिका।

### की जाएगी गिरफ्तारी

टीआई श्री टाण्डेकर ने बताया, ग्रामीणों के द्वारा स्कार्पियो का नम्बर पुलिस को उपलब्ध कराया गया। आनलाइन में गाड़ी नम्बर की जांच करने पर गाड़ी सक्ति निवासी मुरलीधर राठौर के नाम पर है। गाड़ी मालिक को तलब कर आरोपी ड्राइवर की जानकारी लेकर गिरफ्तारी की जाएगी।

### कोचिंग सेंटर के 30 कदम पहले हुआ हादसा

घर से निकलने के बाद मृतका छात्रा सहेली के साथ बातचीत करते हुए जा रही थी। कोचिंग सेंटर मात्र 30 कदम की दूरी बची थी। इसी दौरान स्कार्पियो काल बनकर आई। स्कार्पियो सामान्य रफ्तार से चलती तो छात्रा कोचिंग सेंटर पहुंच जाती है और जान बच जाती।

### जन्मदिन की खुशियां मातम में बदली

परिजनों ने बताया, मृतका छात्रा पढ़ाई करने में होशियार थी और विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परीक्षा दिलाती रहती थी। 25 जून को उसका जन्मदिन था और घर में पार्टी मनाने की तैयारी चल रही थी। हादसे में छात्रा की मौत की खबर से कोहराम में मच गया। परिजन रोत बिलखते रहे और देखते ही देखते घर में गांव में मातम छा गया।



सकरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय।

# पूर्व विधायक शैलेश को धमकी 20 लाख फिरौती की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

पूर्व विधायक शैलेश पांडे को अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी, फोन करने वाले ने धमकी देते हुए 20 लाख रुपए की मांग की, रुपया नहीं देने पर सहकारिता उप पंजीयक की बेटी को उठाकर ले जाने की बात भी कही। श्री पाण्डेय की रिपोर्ट पर सकरी पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

सकरी स्थित आसमा सिटी निवासी शैलेश पांडे शहर के पूर्व विधायक हैं। बुधवार की दोपहर 11.45 बजे उनकी पत्नी श्रीमती ऋतु पाण्डेय के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने श्री पाण्डेय से बात कराने कहा। उन्होंने जब उक्त युवक से मोबाइल में बात की तो उसने सीधे जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि 20 लाख रुपए दो, नहीं तो सहकारिता की उप पंजीयक मंजू पांडेय की बेटी को उठाकर ले जाऊंगा। इतना सुनते ही पूर्व विधायक ने उसे बताया कि आपने पूर्व विधायक को फोन लगाया है, तब भी फोन करने वाले ने धमकी देकर अश्लील गाली गलौज की और धमकी देने लगा। इसके बाद श्री पाण्डेय ने सीधे एसएसपी को घटना की सूचना दी। उसके बाद सकरी टीआई प्रदीप आर्या को घटना की पूरी जानकारी दी। श्री पाण्डेय की रिपोर्ट पर सकरी पुलिस ने धारा 296,351(2) के तहत अपराध कायम कर लिया है। सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की खोजबीन की जा रही है।

### कौन है धमकी देने वाला

इस मामले में श्री पाण्डेय ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि सहकारिता उप पंजीयक श्रीमती मंजू पांडेय की बेटी को उठाने की धमकी देने वाले ने उनकी पत्नी को फोन कर उनसे क्यों बात की। उन्होंने सवाल किया है कि आखिर धमकी देने वाला आखिर कौन है।

**मिशन अस्पताल परिसर में हंगामा**

# छग डायसिस बोर्ड के सचिव, एजुकेशन बोर्ड के सचिव की याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने छग डायसिस बोर्ड के सचिव नितिन लारेंस और छग एजुकेशन बोर्ड के सचिव जयदीप राबिंसन की रिट याचिका खारिज कर दी है। इस आदेश के साथ ही तय हो गया है कि दोनों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 324 (2), 329 (3), और 3 (5) के तहत दर्ज अपराध में जिला कोर्ट में सुनवाई जारी रहेगी।

- सिविल लाइन थाने में दर्ज एफआईआर पर जिला कोर्ट में चलेगा मुकदमा

दोनों आरोपियों ने इस एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। दोनों आरोपियों पर आरोप है कि जिला प्रशासन द्वारा मिशन अस्पताल परिसर को अपनी संपत्ति और प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित के बाद भी साथियों के साथ वहां पहुंचकर तोड़फोड़ की गई। सीसी कैमरे से छेड़छाड़ के साथ ही अपना बैनर पोस्टर लगाया गया। यह मामला अगस्त 2024 का है। जब सरकार ने आधिकारिक तौर पर मिशन अस्पताल का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था। इसके बाद नितिन लॉरेंस, जयदीप रॉबिन्सन और समर्थकों के एक समूह के साथ कथित तौर पर अस्पताल परिसर में धावा बोला। अपने नाम वाले पोस्टर लगाए और संपत्ति पर स्वामित्व घोषित किया। इस प्रक्रिया में, नजूल विभाग और नगर निगम, बिलासपुर द्वारा लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया गया। उन्होंने सरकारी काम में बाधा भी डाला। इसके खिलाफ नजूल अधिकारी मयंक मणि दुबे ने सिविल लाइन पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने (बीएनएस) की धारा 324 (2), 329 (3), और 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया। मामले में चालान पेश हो चुका है और वर्तमान में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, बिलासपुर के समक्ष लंबित है। इसी एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई थी।




मिशन अस्पताल कंपाउंड में हंगामा मचाते लोग।

### जमकर मचाया गया था हंगामा

मिशन अस्पताल कैम्पस को जिला प्रशासन ने प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया था। इसके बाद भी पहुंचे इन आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरों के तार तोड़ दिए और बिजली आपूर्ति बाधित की। इसके बाद, नितिन लारेन्स और जयदीप राबिन्सन नामक ने चार नए बोर्ड और फेल्स की स्थापना की, जो कि अदालत के आदेशों का उल्लंघन है। जमीन पर किसी भी प्रकार की निर्माण या परिवर्तन गतिविधि को अवैध करार दिया गया था, इसके बाद भी किया गया। मिशन हास्पिटल परिसर में नितिन लारेंश व जयदीप राबिंशन ने बैनर-पोस्टर लगाए और दोनों ने खुद को पावर आफ अटार्नी होल्डर भी बताया। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके से बैनर व पोस्टर को जब्त भी किया। तात्कालीन एसडीएम पीयूष तिवारी, नजूल तहसीलदार शिल्पा भगत व राजस्व अमले की टीम ने निरीक्षण के दौरान लगे सीसीटीवी कैमरे में छेडछाड़ होना पाया। कैमरे से छेड़छाड की घटना सामने आने के बाद नजूल आरआइ मंयक मणि दुबे ने सिविल लाइन थाने में एफआईआर कराई थी।

### डाकघर में स्पीड पोस्ट के दो काउंटर, लगती है लंबी कतार

**बिलासपुर।** शहर के मुख्य डाकघर में स्पीड पोस्ट और अन्य पोस्ट के लिए केवल दो ही काउंटर डाक विभाग ने ओपन कर रखा हुआ है, जिसके कारण प्रतिदिन पोस्ट करने वाले लोगों की लंबी कतार लगने से परेशानी हो रही है। बिलासपुर शहर में अब डाक घर धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। शहर में एक डाकघर रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में और दूसरा मुख्य डाकघर नेहरू चौक के पहले बना हुआ है। लोगों को पहले बाहर किसी तरह की सूचना भेजने के लिए अंतरदेशी, पोस्ट कार्ड के अलावा अन्य जानकारी के लिए डाकघर का उपयोग करना पड़ता था, जो वर्तमान में सोशल मीडिया ने डाकघर से ले लिया है। पैसों का ट्रांजेक्शन करने से लेकर किसी तरह के मैसेज भेजने के लिए मोबाइल पर ही सारी सुविधाएं उपलब्ध हो गई है। वर्तमान में कई लोग स्पीड पोस्ट के अलावा अन्य पोस्ट व सूचनाएं डाकघर के माध्यम से करने के लिए बिलासपुर के मुख्य डाकघर में पहुंचते हैं। डाक विभाग में उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि लोगों का विश्वास भी बना रहे। इसके विपरीत कार्य मुख्य डाक घर में किया जा रहा है। स्पीड पोस्ट व अन्य सूचनाएं के लिए भेजे जाने वाले पोस्ट के लिए लोग जब डाकघर पहुंचते हैं तो वहां केवल दो ही काउंटर उन्हें ओपन मिलते हैं। एक-एक स्पीड पोस्ट व अन्य पोस्ट करने के लिए काउंटर पर बैठे कर्मचारी को करीब पांच से सात मिनट का समय लगता है। इसके कारण दोनों काउंटर पर लगने वाली लंबी कतार सड़क तक पहुंच जाती है।

# ग्वालियर से व्हाइट टाइगर लाने का निर्णय नहीं हो सका

**बिलासपुर।** बारिश का मौसम आ गया है और अब तक कानन प्रबंधन ने ग्वालियर से व्हाइट टाइगर लाने का निर्णय नहीं लिया है, जबकि एक माह पहले ही कानन पेण्डारी जू में पैदा हुए एक व्हाइट टाइगर ने दम तोड़ दिया है। इसके बाद केवल दो मादा व्हाइट टाइगर ही कानन जू में बचे हुए हैं।

- एक माह पहले हो चुकी है कानन पेण्डारी में एक व्हाइट टाइगर की मौत

कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क में वर्तमान में दो तीन व्हाइट टाइगर हैं, इनमें से दो मादा और एक नर है। दो मादा में एक 10 वर्ष की बाघिन है और एक नर व एक मादा व्हाइट टाइगर इसी से जन्में हैं। इनके परिवार की वंशवृद्धि के लिए कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क प्रबंधन को एक स्वस्थ और व्यस्क सफेद टाइगर की आवश्यकता थी। एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर एक ही बाघिन की संतान हैं, इसलिए इनसे वंशवृद्धि आगे बढ़ाने में कानन प्रबंधन की रूचि नहीं है। इन व्हाइट टाइगर में से एक नर व्हाइट टाइगर की बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद दोनों मादा टाइगर की ब्रीड़िंग के लिए मेल व्हाइट टाइगर की तलाश शुरू की गई थी। इसके लिए देशभर के जू में संपर्क किया गया था, जिसमें जानकारी मिली कि ग्वालियर वन्यप्राणी संग्रहालय में व्हाइट टाइगर की संख्या अधिक हो गई है और वे उन्हें देना चाहते हैं। कानन पेंडारी प्रबंधन ने इसका प्रस्ताव बनाकर सीजेडए को भेजा था, जहां से ने इसे मंजूरी दे दी गई थी।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

**भारतमाला परियोजना:** ढेका में भू अर्जन की कार्रवाई में

# अनियमितता, तत्कालीन तहसीदार, पटवारी पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

भारतमाला परियोजना के तहत ग्राम ढेका में भू अर्जन की कार्रवाई में अनियमितता करने वाले तत्कालीन तहसीदार व पटवारी के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

- भू अर्जन की कार्वाही में अनियमितता का आरोप

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, तहसीलदार राहुल शर्मा पिता सत्यनारायण शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। भारतमाला परियोजना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 130 ए मुख्य मार्ग ग्राम ढेका में भू अर्जन की कार्वाही में अनियमितता की शिकायत पर जिला स्तरीय समिति से जांच कराई गई है। जांच में राजस्व अभिलेखों में कूटरचना, अविधिक रूप से दर्ज नामांतरण, बंटवारा के कारण अधिक मुआवजा राशि का गबन होना पाया गया है, जिससे शासन को आर्थिक क्षति हुई है। वर्तमान में प्रकरण आर्बिट्रेटर के समख लंबित होने से मुआवजा वितरण नहीं हो पाया है एवं सड़क निर्माण कार्य बाधित है, जिससे आमजन को सुविधा से वंचित होना पड़ा है एवं शासन की छवि धूमिल हुई है। जांच के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा मामले में दोषी तत्कालीन तहसीलदार डीए उड़के एवं तत्कालीन हल्का पटवारी सुरेश कुमार मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया गया है। पुलिस ने श्री शर्मा की रिपोर्ट पर तत्कालीन तहसीलदार व पटवारी के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि: स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

## खबर संक्षेप

### आपात काल के 50 वर्ष पूरे होने पर एबीवीपी ने निकाली मशाल यात्रा




**गौरेला।** एबीवीपी ने आपातकाल के विभीषिका के 50 वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार की शाम गौरेला रेस्ट हाउस से मशाल यात्रा निकाली, जो कि कमानिया गेट होते हुए संजय चौक पर जाकर समाप्त हुई। इसमें सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए। गौरेला नगर से मीसाबंदी रहे स्व दिनेश ताम्रकार, स्व रामलाल गुप्ता, कोमलचंद जैन एवं शिव कुमार सोनी इन सभी के घर एबीवीपी के कार्यकर्ता गए और उनके एवं उनके परिवारजनों के अनुभव को सुना। एबीवीपी की नगर मंत्री रूप सेन ने कहा की मीशाबंदियों से मिलना हमारे लिए गौरव की बात है। मशाला यात्रा के दौरान शिव कुमार सोनी ने अपने विचार व अनुभव सबके समक्ष साझा किए। विशेष वक्ता के रूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख दीपक खंडेलवाल रहे। यात्रा में प्रमुख रूप से तापस शर्मा, सचिन जैन, संदीप सिंघई, सौरभ साहू, मानस अग्रवाल इत्यादि रहे। यात्रा को सफल करने में प्रमुख रूप से मयंक जैन, लक्ष्य साहू, माधव शर्मा, श्रेयांश पांडे, आदित्य, सुमन, नंदनी, अभय, इत्यादि का सहयोग रहा।

### शाला प्रबंधन समिति की बैठक में पदाधिकारियों का चयन



**करगी रोड कोटा।** शासकीय प्राथमिक शाला सूदनपारा में शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से धन सिंह आर्मो को समिति का अध्यक्ष चुना गया। पदभार ग्रहण करते हुए श्री आर्मो ने कहा कि वे प्रयासरत रहेंगे कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चे नियमित रूप से स्कूल आएं। उन्होंने कहा, शिक्षा ही हमारे जीवन में प्रकाश फैला सकती है। मेरा लक्ष्य रहेगा कि समाज के प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे। इस अवसर पर शाला समिति में अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया, जिसमें सरिता राजपूत उपाध्यक्ष, कमलेश सिदार सचिव, विनोद राठौर कोषाध्यक्ष, विनोद गुप्ता शिक्षा प्रतिनिधि तथा जय प्रसाद मरावी पार्षद सदस्य के रूप में नामित हुए। शाला प्रबंधन समिति का गठन शाला में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता है। यह जानकारी शिक्षक भूपेंद्र ठाकुर ने दी।

### नपा अध्यक्ष सहित पार्षदों ने दुरुस्त की पानी निकासी की व्यवस्था



**लोरमी।** इस मानसून की पहली झमाझम बारिश से तहसील चौक सहित अन्य वार्डो में पानी भराव की शिकायत पर तत्काल नगर पालिका के कर्मचारियों ने सफाई कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई। अधिकारी एवं अध्यक्ष सहित पार्षदों ने विभिन्न वार्डों में सफाई करवा कर व्यवस्था दुरुस्त की। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने बारिश में जल भराव से निपटने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नगर भ्रमण कर नाली सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, नव पदस्थ सीएमओ चंदन शर्मा, इंजीनियर विनायक गर्ग, सालिक बंजारे, शिवशंकर यादव, घनश्याम यादव राकेश राजपूत सहित अन्य उपस्थित रहे।

### निशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर कल

**मुंगेली।** श्री कृष्णा गौ विज्ञान अनुसंधान संस्थान एवं संस्कृति आर्य गुरुकुलम के तत्वाधान में आरोग्यम वेलनेस लोरमी बायपास पड़ाव चौक में 27 जून को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक निशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है। बच्चों में किए जाने वाले मुख्य 16 संस्कारों में स्वर्ण प्राशन संस्कार स्वास्थ्य की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण संस्कार है। आधुनिक वैद्यकीय प्रणाली में जिस प्रकार बच्चों को रोग प्रतिकार शक्ति बढ़ाने और रोगों से बचाव के लिए भिन्न-भिन्न टीकों का उपयोग किया जाता है, ठीक उसी प्रकार आयुर्वेद में प्राचीन काल से बच्चों की रोग प्रतिकार शाक्ति बढ़ाने एवं उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए स्वर्ण प्राशन संस्कार किया जाता है। इसका वर्णन आयुर्वेद के बाल रोग ग्रंथ कश्यप संहिता में किया गया है। हर पुष्य नक्षत्र पर जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों को संस्थान द्वारा निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार कराया जाता है। उक्त जानकारी श्री कृष्णा गौ विज्ञान अनुसंधान संस्थान के संचालक योगेश कुमार साहू ने दी है। विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहनी की बहनों ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में 0 से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन संस्कार दिलाने प्रेरित करने का आह्वान किया है।

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर मीसाबंदियों का सम्मान

# लोकतंत्र का काला अध्याय था आपातकाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित विविध कार्यक्रमों के माध्यम से लोकतंत्र के लिए संघर्षरत मीसाबंदियों को नमन किया गया। इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी, प्रेरणादायक फिल्म प्रदर्शन एवं मीसाबंदियों का सार्वजनिक सम्मान किया गया।

इस दौरान 'आपातकाल लोकतंत्र की हत्या' विषय पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया, जिसमें आपातकाल की विभीषिका, आंदोलनों और मीसाबंदियों के संघर्षों को चित्रों के माध्यम से जीवंत किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों एवं युवाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इतिहास को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर मीसाबंदी द्वारिका जायसवाल एवं कृष्ण कुमार सोनी ने आपातकाल के दौरान अपने अनुभव साझा किए। श्री जायसवाल ने कहा कि आपातकाल के दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए अत्यंत पीड़ादायक थे। नागरिक अधिकारों पर रोक लगाई गई और आवाज उठाने वालों को जेल में डाला गया। वहीं श्री सोनी ने जेल में हुए अमानवीय व्यवहार और मीसाबंदियों के साहसिक संघर्ष की बात कही। मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय था। उस समय मौलिक अधिकारों और संविधान की खुलेआम अवहेलना की गई। उन्होंने कहा कि 25 जून हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों की महत्ता की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि मीसाबंदियों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को आपातकाल के उस दौर से सीख लेकर लोकतंत्र की मजबूती में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मीसाबंदियों एवं उनके परिवारजनों को शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय ने अंत में सभी अतिथियों और नागरिकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी एवं मेनका प्रधान, गणमान्य नागरिक दीनानाथ केशरवानी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।


मीसाबंदियों का सम्मान करते विधायक मोहले।

## भाजपाइयों ने कहा- कांग्रेस ने की संविधान की हत्या



गौरेला। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी जीपीएम की ओर से जिला भाजपा कार्यालय गौरेला में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार को शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रकाश नामदेव, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर, जिला मीडिया प्रभारी बालकृष्ण अग्रवाल, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओं के जिला संयोजक मथुरा सोनी ने संबोधित किया। सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस संविधान बचानें की बात करती है, जबकि संविधान की हत्या हमेशा कांग्रेस ने ही की है। सेमिनार की प्रस्तावना कार्यक्रम के संयोजक ओंकार सिंह ओट्टी ने रखी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश चतुर्वेदी ने एवं आभार प्रदर्शन ने जिला अध्यक्ष लालजी यादव ने किया। सेमिनार में प्रमुख रूप से जिपं अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष उपेंद्र बहादुर सिंह, नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे, पेंड्रा उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, कुबेर सिंह सर्राटी, तापस शर्मा, दयाचंद पोर्ते, दिनेश मरावी, राजेशनन्दिनी सिंह, पवन पैकरा, भंवर सिंग गोवाश, रमेश तिवारी, राजकुमार रोहणी, अजय रजक, अजय तिवारी, राजकुमार पुरी, हेमचंद्र मरावी, कमलेश यादव, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, कुलदीप सिंह, धीरज, छोटेलाल सोनी, लुशन राठौर, मनीष श्रीवास, संतोष अग्रवाल, रानु नामदेव, सरिता राठौर, रमा राठौर, कंचन सिंह, उमा कोशले, दुर्गी कोल, गंगोत्री राठौर, राखी गहलोत, निर्माण जायसवाल, विनय सूर्यवानी, हेमराज राठौर आदि मौजूद थ।

## रसोइया संघ को दिया गया निशुल्क प्रशिक्षण

**सरगांव।** मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया संघ को नगर पंचायत सरगांव में शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में एफएसएसएआई के अधिकृत ट्रेनिंग पार्टनर की ओर से प्रशिक्षण दिया गया। पुष्पा खाखा खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य एवं औषधि ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मध्य हुए कार्ययोजना के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिला मुख्यालयों एवं 146 विकासखंड में खाना बनाने एवं परोसने में संलग्न रसोईयों का निशुल्क फॉस्टेक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शालाओं में बच्चों गुणवत्तापूर्वक भोजन मेनू अनुसार दिया जाए एवं नए सत्र में शाला संचालन के पूर्व ही भोजन कक्ष को साफ-सुथरा करने, भोजन बनाने से पहले अपने हाथों की सफाई करने, सभी खाद्य पदार्थों की सफाई कर भोजन बनाने। किस तापमान पर भोजन को रखा जाए, भोजन के रख-रखाव व साफ-सफाई के सबंध में सावधानी बरतने जानकारी दी गई। साथ ही फूड प्वाजनिंग, फूड कंटेमिनेशन, फूड जोखिम एवं फूड सेफ्टी के संबंध में मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा विस्तार से बताया गया। अधिकारियों ने अपील की कि लायसेंस-पंजीयन लेकर ही व्यापार करें। इसी तारतम्य में अकलतरा एवं पामगढ़ विखं के स्ट्रीट वेंडर, ठेला, गुमटी एवं पंजीकृत खाद्य व्यापारियों को भी निशुल्क प्रशिक्षण देकर आवश्यक निर्देशि दिए गए। पुष्पा खाखा ने बताया कि लाइसेंस लेकर ही व्यापार करें बिना लाइसेंस पंजीयन व्यापार संचालन करना नियम के विरूद्ध है।



## संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में किया गया पौधरोपण

**लोरमी।** गोंडखाम्ही में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष वर्षा सिंह, जिला पंचायत सदस्य रत्ना काठले एवं ग्राम पंचायत गोंडखाम्ही सरपंच रमेश मरावी, तेलीखाम्ही सरपंच बलीराम साहू, एवं राम्हेपुर सरपंच बिंदु बर्मन की उपस्थिति रहे। अतिथियों का स्वागत शाला प्राचार्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमे शाला के विद्यार्थियों ने सुन्दर गीत, नृत्य, एवं नाटक की प्रस्तुति दी। इसके बाद कक्षा पहली, 6वीं, एवं 9वीं के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही साथ उन्हें पाठ्यपुस्तक वितरण कर प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों ने सभी छात्रों को अपना स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान किया एवं शाला एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। वर्षा सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए नवप्रवेश उनके शिक्षा के लिए एक उत्सव है। अपने जीवन की शुरुआत में वे शिक्षकों के सानिध्य में संस्कार, संस्कृति से परिचित होते हैं और वही व्यवहार में दिखाई देता है। उन्होंने विद्यार्थियों के बीच जाकर बच्चों से संवाद किया। रत्ना काठले ने एक पेड मां के नाम लगाने विद्यार्थियों को प्रेरित किया व अनुशासन के महत्व पर चर्चा की। तत्पश्चात शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन दयाराम साहू ने तथा आभार गणेश साहू ने किया।



## काला दिवस के रूप में मनाई गई आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ को काला दिवस के रूप में मनाते हुए मोहन वाटिका तखतपुर में संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार साहू, प्रदीप तिवारी,अशोक ठाकुर प्रदीप कौशिक मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे। सभी ने 25 जून 1975 को भारतीय लोकतंत्र का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण दिन करार देते हुए कहा कि इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता बचाने के लिए देश पर आपातकाल थोप दिया था। यह संविधान और लोकतंत्र का अपमान था। सुरेश भाई पाठक ने कहा कि आपातकाल की घोषणा उस समय की गई जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी का लोकसभा चुनाव रद्द कर दिया था। इसके बाद जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में विपक्ष ने जनांदोलन छेड़ दिया था। उन्होंने बताया कि आपातकाल राष्ट्रपति की मंजूरी से लगाया गया। इस दौरान मौलिक अधिकार निलंबित, प्रेस पर सेंसर, विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया। संघ के हजारों स्वयंसेवकों को भी कैद किया गया। भाजपा ने जनजागरण अभियान के तहत इस आयोजन को किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू ,आभार प्रदर्शन प्रमोद सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर लव पांडेय, विश्वनाथ यादव, दिलीप सिंह क्षत्रिय, किशन सचदेव, कैलाश देवांगन,श्यामसुंदर कश्यप,अंकित अग्रवाल,सुनील आहूजा, ज्ञान सिंह ठाकुर,तिलक देवांगन, सरजू यादव,अजय यादव, पुष्पराज सिंह ठाकुर, दिलीप तोलानी, निहाल साहू, राजेन्द्र मेरसा, चिंटू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।



## डामर प्लांट के कारण जानलेवा बनी सड़क



**जरहागांव।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरानकापा के आश्रित ग्राम तराईगांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। यह सड़क जिस उद्देश्य से बनाई गई थी, वही अब सवालों के घेरे में है।

स्थानीय उपसरपंच एवं भाजपा नेता हेमंत पटेल ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि यह सड़क अब खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और डामर की परतें उखड़ चुकी हैं, जिससे यह मार्ग जानलेवा बन गई है। उन्होंने बताया कि सड़क की दुर्दशा के पीछे सबसे बड़ा कारण एक डामर प्लांट है, जो शासकीय भूमि पर अवैध रूप से संचालित हो रहा है। हेमंत पटेल ने बताया कि उक्त डामर प्लांट से प्रतिदिन भारी वाहन, खासकर हाइवा और डीलरों की आवाजाही होती है, जिससे सड़क की गुणवत्ता नष्ट हो गई है। सड़क पर गिट्टी और डामर का अवशेष जमा हो गया है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के लिए फिसलन का खतरा और बढ़ गया है। पंचायत ने अनिल बिल्डकम को एक साल के भीतर उक्त जगह से खाली करने नोटिस दिया है। इसको लेकर गांव के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण के बाद से ही इस रूट पर भारी वाहनों की आवाजाही अनियमित रूप से होती रही है, जिससे अब यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन इस पूरे मामले पर चुप्पी साधे हुए है।

### अवैध प्लांट हटाने और सड़क मरम्मत की मांग

उपसरपंच हेमंत पटेल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस अवैध डामर प्लांट को बंद कराया जाए तथा सड़क की मरम्मत कर पुनः सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता, तो ग्रामवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## अवैध शराब के खिलाफ लगातार चल रही कार्रवाई

**मुंगेली।** जिले में अवैध शराब के नियंत्रण के लिए लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आबकारी विभाग ने 1 अप्रैल 2025 से 31 मई 2025 के मध्य जिले भर में लगातार छापामार अभियान चलाया। इस अवधि में कुल 113 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए, जिनमें 476.6 बल्क लीटर देशी, विदेशी और कच्ची महुआ शराब तथा 1200 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त की गई। इसके साथ ही शराब के अवैध परिवहन में प्रयुक्त दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सभी मामलों में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत गैर-जमानती धाराओं में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिले में अवैध शराब के उत्पादन, भंडारण और बिक्री को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन या आबकारी विभाग को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## अधिकारियों ने स्कूलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को सशक्त और परिणामोन्मुख बनाने के लिए जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिले के तीनों विकासखंडों में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों की साफ-सफाई, शिक्षकों की उपस्थिति, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण स्तर, माध्यान्ह भोजन और मूलभूत सुविधाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कई स्थानों पर अधिकारी शिक्षक की भूमिका में स्वयं कक्षा में पहुंचे और बच्चों को पठन-पाठन भी कराया, जिससे बच्चों में उत्साह का संचार हुआ। निरीक्षण के दौरान कुछ विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति पाई गई, जिस पर कलेक्टर ने गंभीरता दिखाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कुमार ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बच्चों को बेहतर वातावरण और प्रेरक शिक्षण पद्धति उपलब्ध हो, यह प्रशासन का दृढ़ संकल्प है। कलेक्टर ने जानकारी दी कि जिले के मेधावी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु 'मिशन 90 प्लस' अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस अभियान के तहत बच्चों को विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन, नियमित मूल्यांकन और विशेष कक्षाओं के माध्यम से तैयार किया जाएगा, जिससे जिले को राज्य स्तर पर शैक्षिक मानचित्र में अग्रणी स्थान दिलाया जा सके। इस निरीक्षण अभियान में जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी, सभी एसडीएम, खंड शिक्षा अधिकारी, जनपद सीईओ और विभिन्न विभागों के विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


स्कूल का निरीक्षण करते अधिकारी।

## बिजली कटौती, खाद बीज की कमी को लेकर सौंपा ज्ञापन

# बरसते पानी में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में चल रहे अघोषित बिजली कटौती, खाद बीज की कमी सहित युक्तियुक्तकरण के मुद्दे पर कांग्रेस ने बरसते पानी में कलेक्ट्रेट घेराव कर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सभा में कहा कि चुनाव के दौरान बड़े-बड़े वायदे करने वाली सरकार आज 10 हजार से अधिक स्कूलों को बंद कर रही है। ऐसे में बेरोजगार युवाओं के साथ नाइंसाफी है। वहीं खाद की किल्लत पर भी प्रदेश अध्यक्ष जमकर बरसे।

बरसते पानी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, खनिज निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन, युका कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व मे ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश स्तर के नेताओं सहित जिला, शहर, ब्लॉक, युवा, एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बडी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि जिले में स्थानीय समस्याओं का अंबार है। इसमें बिजली, किसानो के लिए खाद एवं बीज की कमी, सहित शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण का मामला प्रमुख है। युक्तियुक्तकरण के चलते कई स्कूल बंद होने की कगार पर है कई परिवारों के सामने रोजी रोटी की समस्याएं खड़ी हो जाएगी। मध्यान्ह भोजन चलाने वाले समूह ऐसे कई लोग शामिल हैं, जिनके आगे जीवन यापन के लिए बडी समस्या खड़ी हो जाएगी। जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर प्रदेश पूरे प्रदेश में विरोध प्रर्दशन किया जा रहा है। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी आलोक सिंह, जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, शहर अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा, थानेश्वर साहू, आत्मा सिंह क्षत्रिय, अनिल सोनी, श्याम जायसवाल, चुरावन मंगेशकर, चद्रभान बारमते, दिलीप बंजारा, संजय यादव, रोहित शुक्ला, मकबूल खान संजय जायसवाल, एजाज खोखर, अभिलाष सिंह, नवनीत शुक्ला, राजेश छैदहिया, सागर सोलंकी, राम चंद्र साहू, लोकराम साहू, राजा ठाकुर, नरेश पाटले, पुरषोत्तम मार्को, जवाहर सहू, उत्तर कुमार अनंत, उर्मिला यादव, जागेश्वरी वर्मा, मंजू शर्मा, श्वेता पाठक, कौशिल्या वर्मा, अनीता विश्वकर्मा, नूरजहां, मायारानी सिंह, हेमिन मंगेश्कर, बिंदु यादव, निधि पौराणिक, लता रानी वैष्णव, मनोरमा, जहिदा बेगम, निधी ठाकुर, सरोजनी, गौरी श्रवण सोनकर, सूरज यादव, अरविंद वैष्णव, संजय चंदेल, कुलदीप पाटले, जय सोनी, वशिउल्ला, उमेश सोनी, मुकेश साहू, राम खेलावन साहू सहित अन्य मौजूद थे।


बरसते पानी में प्रदर्शन करते कांग्रेसजन।

## मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत 37 गर्भवती माताओं की जांच व उपचार



**दगोरी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दगोरी में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत 37 गर्भवती माताओं की जांच व उपचार मेडिकल आफिसर डॉ मंजूलता वर्मा ने किया। साथ ही खून की भी जांच सैंपल एमएलटी कौशल ने लिया। इसके तहत ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, एचआईवी, वीडीआर एल, मलेरिया, टाइफाइड, शुगर, एल्ब्यूमिन, यूरिन एल्ब्यूमिन, सुगर के साथ ही पेट की भी जांच की गई। साथ ही जरूरी सलाह के तहत टिटनस के टीके लगवाने, प्रसव पूर्व चार जांच कराने, आयरन फोलिक एसिड, कैल्सियम की जरूरी खुराक लेने तथा संस्थागत प्रसव कराने एवं ताजा पौष्टिक भोजन लेने के साथ साफ-सफाई अपनाने इत्यादि भी सलाह दी गई। इस दौरान सहयोग करने वालो में ग्रामीण चिकित्सा सहायक शैलेंद्र श्रीवास्तव, आरएचओ उमा मनहर, सुमित्रा मसीह, रोहित कौशिक, सेक्टर पर्यवेक्षक अल्मा, केरकेट्टा, सहित मितानिन ट्रेनर अलखनंदा सूर्यवंशी, मितानिन पूर्णिमा रानी, मीना कौशिक, शीतला देवी सन्नाट, धनेश्वरी टंडन, सरस्वती, लछन, महेश्वरी ध्रुव, रूपा निषाद, सावित्री बारले, संतोषी कौशिक, संतोषी सन्नाट के अलावा जितेंद्र बंधे, रवीना सोनवानी, प्रह्लाद कौशिक, राजकुमार ध्रुव, दीपिका मानिकपुरी ने भी सहयोग प्रदान किया।